# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 28 जुलाई 2024

संवत 2081, श्रावण कृष्ण सात संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 316 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 शुभ नक्षत्र और योग में सावन का दूसरा सोमवार, जानें पूजा मुहूर्त और महत्व

बिग बी ने शेयर की केबीसी सीजन 16 के सेट की तस्वीर 6







पेरिस ओलंपिक : शूटर रमिता महिला ने रचा इतिहास

## 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पंहुची



**पेरिस :** भारत की स्टार शूटर रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इतिहास रच दिया है। वह इस स्पर्धा में फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला एथलीट हैं। 20 साल बाद किसी एथलीट ने ऐसा किया है। 20 साल की रमिता ने रविवार को खेले गए क्वालिफिकेशन राउंड में 631.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाई किया। वह पांचवें स्थान पर रहीं। उन्होंने छह सीरीज में 104.3, 106.0, 104.9, 105.3, 105.3, 105.7 का स्कोर बनाया। वहीं, इसी स्पर्धा में भारत की एक और एथलीट एलावेनिल वलारिवान 630.7 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। रमिता कल दोपहर एक बजे से अपना फाइनल मैच खेलेंगी और स्वर्ण पदक के लिए जोर लगाएंगी।

# नक्सलियों का शहीदी सप्ताह शुरू, चाईबासा में की पोस्टरबाजी

मेट्रो रेस



**पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा):** जिले के जराईकेला ओपी क्षेत्र पंचपहिया में शनिवार की देर रात नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है। पोस्टरबाजी कर नक्सलियों ने लोगों से शहीदी सप्ताह मनाने की अपील की है। पोस्टरबाजी की सूचना मिलने पर रविवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी पोस्टर को जब्त कर लिया। भाकपा नक्सलियों का शहीदी सप्ताह रविवार से शुरू हो गया है। इसी को लेकर नक्सलियों ने अपनी मौजूदगी दिखाने की कोशिश की है। नक्सलियों ने पंचपहिया गांव के स्कूल से लेकर डोमलाई गांव और जराईकेला के विभिन्न जगहों पर भारी संख्या में पोस्टरबाजी की है। साथ ही नक्सलियों ने बुकलेट भी छोड़ा है। इसमें नक्सलियों ने आदिवासी भाषाओं का उपयोग करते हुए कई नारा लिखे हैं। नक्सलियों द्वारा लगाये गये बैनर में 28 जुलाई से तीन अगस्त तक क्रांतिकारी जोश और संकल्प के साथ शहीदी सप्ताह मनाने की बात लिखी गयी है। साथ ही पोस्टरों में माओवादी छापेमारी युद्ध नियमों का सृजनात्मक रूप से पालन करने, अनावश्यक नुकसान को कम करने और गुरिल्ला युद्ध में जीत के अनुपात को बढ़ाने जैसी बातों का उल्लेख किया गया है।

भाकपा माओवादी हर साल 28 जुलाई से तीन अगस्त तक शहीदी सप्ताह मनाते हैं। इस दौरान वे मारे गये अपने साथियों का स्मारक बनाकर उन्हें याद करते हैं। नक्सली इस दौरान अपने प्रभाव वाले इलाकों में ग्रामीणों को एकत्रित कर शहीदी सप्ताह मनाते हैं।

## संतोष कुमार गंगवार बने झारखंड के नये राज्यपाल



**रांची:** बरेली के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार झारखंड के नए राज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार देर रात झारखंड सहित नौ राज्यों के लिए नये राज्यपालों की नियक्ति पर मुहर लगायी।

संतोष गंगवार झारखंड के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का गवर्नर नियुक्त किया गया है।

**संतोष कुमार गंगवार का परिचय :** संतोष कुमार गंगवार का जन्म एक नवंबर 1948 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय और रोहिलखंड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की। वह वर्तमान में सार्वजनिक उपक्रमों की समिति के अध्यक्ष हैं। इससे पूर्व वह केंद्र सरकार में श्रम और रोजगार मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री थे। वह आठ बार के सांसद रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में उन्हें टिकट नहीं मिला था।

संतोष कुमार गंगवार भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। संतोष कुमार गंगवार बरेली से आठ बार सांसद रहे हैं। 1989 से 2009 तक वो लगातार छह बार जीते थे। 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2014 में वे फिर जीते। 2019 में भी उन्होंने शानदार जीत हासिल की। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें मंत्री बनाया गया था। उन्हें पहली बार राज्यमंत्री बनाया गया था। उन्हें कपड़ा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली थी। वो इस पर जुलाई 2016 तक रहे। उसके बाद उन्हें वित्त राज्य मंत्री बनाया गया। 2017 तक वो वित्त राज्य मंत्री बने रहे। इसके बाद उन्हें श्रम और रोजगार मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली, जिस पर वो 2021 तक बने रहे। इसके अलावा संतोष गंगवार ने भाजपा में संगठन स्तर पर भी कई जिम्मेदारी निभाई।

## ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी झुमरीतिलैया से पांच युवक गिरफ्तार



**कोडरमा:** ऑनलाइन गेम के नाम पर ठगी के आरोप में कोडरमा पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, 11 मोबाईल, 2 सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, 2 चेकबुक, 2 वाई-फाई और व्हाट्स एप चैट का प्रिंट ऑउट जब्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग जो ऑनलाईन गेम के माध्यम से ठगी करने का कार्य करते हैं वह तिलैया थाना क्षेत्र में छिपे हुए हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के लिए थाना प्रभारी, तिलैया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तिलैया थाना क्षेत्र के विशुनपुर वार्ड नम्बर-1, गंगोत्री अपार्टमेंट में छापेमारी कर पांच साईबर ठगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि इनलोगों के द्वारा ऑलनाईन गेम के माध्यम से साधारण व्यक्ति को पैसा जीतने का लालच देकर गेम का आदि करते हैं। कुछ दिन वह आम व्यक्ति को पैसा जीतने देते हैं। जब वह गेम में मोटी रकम लगाते हैं तो वह साईट का उपयोग करके ठगी करते हैं। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 182/24 दर्ज कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुनील कुमार (28) देवघरपुर, वार्ड संख्या-13, शेरापुरा गया, इन्द्रजीत कुमार (21) शेरापुरा, थाना टिकारी, जिला गया, ललन कुमार (20), दुसादी, जिला बांका, धनंजय कुमार, (19) दुसादी थाना जिला बांका और राजेश कुमार दास (28) रंगामाटी, थाना बलियापुर, धनबाद शामिल हैं।

छापेमारी दल में पुनि सह तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, पुअनि निताई चन्द्र साह, पुअनि बब्लु कुमार के अलावा सशस्त्र बल, पैंथर आरक्षी व तकनिकी शाखा के कर्मी शामिल थे।

बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत का मामला

## हिरासत में कोचिंग सेंटर के मालिक और कॉर्डिनेटर, रैफ की हुई तैनाती




**नई दिल्ली:** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग संस्थान में हादसे के बाद कोचिंग सेंटर के मालिक और कॉर्डिनेटर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। दोनों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। शनिवार की शाम को कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से एक छात्र और दो छात्राओं की मौत हो गई। इनकी पहचान श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डेल्विन के रूप में हुई है। तीनों के परिजनों को सूचना दे दी है।

छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर की रहने वाली थी। जबकि छात्रा तान्या तेलंगाना की रहने वाली थी। छात्र नेविन केरल का रहने वाला था। वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। करीब आठ महीने से वह सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने तीनों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया मरने वालों की पहचान हो गई है। इसमें एक लड़की यूपी के अंबेडकर नगर और छात्र केरल का रहने वाला है, जबकि दूसरी छात्रा तेलंगाना की रहने वाली है।

'मन की बात' कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री

## देश को नशा मुक्त बनाने में करें सहयोग, 'मानस' हेल्पलाइन में दें जानकारी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में नशा मुक्त भारत की दिशा में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए 'मानस' हेल्पलाइन पर इससे जुड़ी कोई भी जानकारी साझा करने की अपील की।

'मन की बात' के 112वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को नशा मुक्त बनाने के लिए उनकी सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है, जिसका नाम 'मानस' है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है, जिसमें नशा मुक्ति से जुड़े हुए परामर्श हासिल किए जा सकते हैं। इसके अलावा इस नंबर पर नशे से जुड़ी हुई कोई भी जानकारी साझा की जा सकती है। यह जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

प्रधानमंत्री अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में देशवासियों को देश-समाज में हो रहे सकारात्मक पहलुओं से अवगत कराते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने बाघ संरक्षण की दिशा में हो रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में कई ऐसे गांव हैं जहां पर इंसान और बाघ के बीच में कभी टकराव की स्थिति नहीं आती। लेकिन जहां ऐसी स्थिति आती है वहां भी बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक की बात की और लोगों से भारतीय खिलाड़ियों का सोशल मीडिया के माध्यम से उत्साह बढ़ाने की अपील की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड का भी उल्लेख किया, जिसमें भारतीय छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पुणे के रहने वाले आदित्य वेंकट गणेश, सिद्धार्थ चोपरा, दिल्ली के अर्जुन गुप्ता, ग्रेटर नोएडा के कनव तलवार, मुंबई के रुशील माथुर और गुवाहाटी के आनंदो भादुरी ने देश को यह उपलब्धि दिलाई है।

प्रधानमंत्री ने यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में असम के चराईदेउ मैदाम को शामिल किए जाने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अहोम राजवंश के लोग अपने पूर्वजों के शव को उनकी कीमती चीजों के साथ अहोम मैदान में रखते थे। पूर्वजों को सम्मान प्रकट करने का यह यूनिक तरीका है। उन्होंने लसित बोरफुकन की सबसे ऊंची प्रतिमा के अनावरण का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के एक स्वयं सहायता समूह का उल्लेख किया, जिसने जिले की ढाई सौ से ज्यादा महिलाओं के जीवन को समृद्ध बनाने का काम किया है। उन्नति सेल्फ हेल्प ग्रुप की सहायता से इन्होंने ब्लॉक प्रिंटिंग और रंगा की ट्रेनिंग हासिल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 7 अगस्त को राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया जाता है। हम सभी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। यह छोटा सा प्रयास अनेक लोगों की जिंदगी बदल सकता है। उन्होंने खादी की खरीदारी में हो रही रिकॉर्ड वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना होता है और हम इस महीने खादी खरीदें। प्रधानमंत्री ने इंदौर में 'एक पेड़ मां' के नाम कार्यक्रम के दौरान 2 लाख से ज्यादा पौधे लगाए जाने के रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग ले रहे हैं। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों से हर घर तिरंगा अभियान में हो रही जन भागीदारी को विशेष बताते हुए इस बार भी लोगों से इसमें भाग लेने और सेल्फी बिथ तिरंगा सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की।

## 2.36 करोड़ की राशि से होगा जमशेदपुर और सरायकेला जेल का आधुनिकीकरण

**रांची :** जमशेपुर और सरायकेला जेल का आधुनिकीकरण का कार्य होगा। इसको लेकर विकार एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.36 करोड़ की राशि स्वीकृति की है। राशि के निकासी और खर्च का जिम्मा जेल आईजी की होगी। इसके अलावा राशि की निकासी संबंधित जिले के जिला कोषागार से की जायेगी और राशि की निकासी कर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर किया जायेगी। योजना को पूरा करने के लिए दो वर्ष की समय अवधि दी गयी है।

**जानें क्या-क्या होगा कार्य :** जमशेदपुर जेल में होमगार्ड बैरक, जैप बैरक, एक्स आर्मी बैरक, बाउंड्री वॉल, प्रोवेशन ऑफिस के मरम्मत का कार्य 2.16 करोड़ की लागत से होगा। जबकि सरायकेला जेल में 20.38 लाख की लागत से डॉक्टर का वार्ड और लाइब्रेरी का मरम्मत का कार्य किया जायेगा।

## सड़क हादसे में महिला का हाथ कटकर हुआ अलग इलाज के दौरान मौत

**हजारीबाग:** चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चरही-घाटों मुख्यमार्ग के बहेरा पुल के पास ऑटो की एक वाहन के साथ टक्कर हो गयी। इस हादसे में एक महिला यात्री का दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया था। गंभीर रूप से घायल महिला को मांडू अस्पताल में भर्ती किया गया। हालांकि महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। इधर घटना की सूचना मिलने पर चरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की पहचान संजू देवी (40 वर्षीय) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संजू देवी तिरला के घाटों की ओर जा रही थी। तभी बहेरा पुल के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हो गया।

# सरकार पर से लोगों का विश्वास उठ गया है : लोबिन

मेट्रो रेज

**रांची :** झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने विधानसभा की सदस्यता खत्म किए जाने पर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या हुई है। उनकी सदस्यता जानबूझकर स्पीकर के माध्यम से पार्टी के लोगों ने समाप्त करा दी है। इससे मैं विचलित होने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में घुसपैठ हुई है। राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है।



हेम्ब्रम संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ घंटे पहले उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। ऐसे में उनके द्वारा उठाए गए जनहित के सवालों का जवाब कौन देगा? साथ ही कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। उन्हें पूरा विश्वास है कि चालू सदन में उन्हें सवाल उठाने का मौका मिलेगा। राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड लेबर सप्लाई स्टेट बन गया है। आदिवासी रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। लोगों का सरकार पर से विश्वास उठ गया है। चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि समय आने पर बताऊंगा। एक सवाल के जवाब में लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे, इसका खुलासा समय आने पर करूंगा।

उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई को बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत दल-बदल के दोषी पाए गए थे। दोनों विधायकों को पार्टी लाइन के खिलाफ गतिविधि में दोषी करार दिया गया था। इस आलोक में झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने फैसला सुनाते हुए दोनों विधायकों की सदस्यता रद्द कर दी थी।

## हिण्डाल्को में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप




मेट्रो रेज

**मुरी :** आज सुबह नौ बजे से अल्मीना क्लब में हिण्डाल्को इन्डस्ट्रिज लिमिटेड मुरी वर्कस एवं रेड क्रॉस सोसायटी रांची के तत्वावधान में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। शुरूआत में इन्सटरुमेंट हेड सुहिद मुखर्जी, इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट राजीव ठाकुर, नित्यानंद महतो, उचित पाल , प्रोडक्शन विभाग चन्द्र मनी,राजु कुमार, क्वालिटी विभाग रवि किरण दास ने ब्लड डोनेट किया। दर्जनों लोग ने ब्लड डोनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया, सभी का शुगर, ब्लड प्रेशर जांच के उपरांत डॉक्टर ने ब्लड देने के लिए ओके किया। एचआर हेड अरुण राय ने इस संदर्भ में कहा कि रक्त दान महादान है। यूनिट हेड रोहित चौरसिया ने कहा कि ब्लड डोनेशन से किसी को नई जिंदगी मिल सकती है । कैम्प को सफल में सीएसआर अनिल कुमार सिंह, डॉक्टर सौरभ घोष, डॉक्टर हरविंदर सिंह, मेडिकल टीम के सुनील सिंह, उमेश महतो, वीरेंद्र महतो एवं भरत सिंह समेत अन्य लोगों की सराहनीय योगदान रहा।

## धूमधाम से मना सीआरपीएफ का 86वां स्थापना दिवस



मेट्रो रेज

**खूंटी :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का 86वां स्थापना दिवस शनिवार को 94 बटालियन के मुख्यालय तजना भवन खूंटी में धूमधाम से मनाया गया।सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार ने अमर शहीदों को याद करते हुए शहीद स्मारक पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सम्मान गार्ड से सलामी दी। साथ ही क्वार्टर गारद में सलामी ली और जवानों के साथ सम्मेलन के माध्यम से वातार्लाप किया।

इस संबंध में जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि 86 वर्ष पूर्व 27 जुलाई 1939 को क्रॉउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस की स्थापना नीमच में हुई थी। 1947 में जब देश आजाद हुआ तो भारत सरकार ने क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस को बनाए रखने का फैसला लिया और क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस का नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल किया गया। इसीलिए हर साल 27 जुलाई को सीआरपीएफ का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

बताया गया कि आज देश स्तर पर किसी भी प्राकृतिक आपदा, चुनाव ड्यूटी, अमरनाथ यात्रा ड्यूटी, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान के साथ-साथ कानून व्यवस्था के लिए देश के लगभग सभी राज्यों द्वारा सीआरपीएफ की मांग प्राथमिकता के तौर पर की जाती है। आज यह बल एशिया की सबसे बड़ी अर्धसैनिक बल के रूप में विद्यमान है। सीआरपीएफ की स्थापना के दिन से इसका इतिहास वीरता भरे कारनामों और शौर्य गाथाओं से भरा पड़ा है। इस मौके पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल सहित इस वाहिनी के अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

## युवक की गला काटकर हत्या

**खूंटी :** जिले के सायको थानांतर्गत छोटा जिऊरी गांव स्थित फुटबॉल मैदान के समीप स्थित एक खेत से पुलिस ने शनिवार को एक युवक का शव बरामद किया। युवक की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई है। उसके सिर, छाती, पेट सहित अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं।

शव की पहचान सायको के कुदा गांव निवासी भोंज मुंडा 26 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक के स्वजनों ने कहा कि भोंज मुंडा शुक्रवार शाम हड़िया दारू पीने जिऊरी गांव गया था। रात तक जब वह वापस घर नहीं लौटा, तो स्वजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन रात में उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह जिऊरी गांव के फुटबॉल मैदान के पास खेत में एक युवक के शव पड़े होने की सूचना मिलने पर स्वजन वहां गए और शव की पहचान की। बाद में इसकी सूचना सायको थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। इस संबंध में स्वजनों के बयान पर अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध सायको थाना में हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स संपन्न, अंडर 17 बालिका वर्ग में डीएवी खूंटी बना विजेता



मेट्रो रेज

**खूंटी :** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स शनिवार को संपन्न हो गया। खेल आयोजन के दूसरे दिन रेवा के फुटबॉल मैदान में बालक एवं बालिका वर्ग के फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ। फुटबॉल के अंडर 17 बालक वर्ग में डीएवी बरियातू और हेहल के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें बरियातू की टीम विजेता रही। अंडर 17 बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला मेजबान डीएवी खूंटी और खलारी के बीच खेला गया, जिसमें डीएवी खूंटी की टीम ने मैच जीतकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर 19 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में डीएवी टीसीआई गोविंदपुर की टीम ने खलारी की टीम को हराकर विजेता बना जबकि अंदर-19 बालक वर्ग के फाइनल मैच में डीएवी सिल्ली की टीम ने डीएवी खलारी की टीम को पराजित कर विजेता बना।

प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन श्जेश के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एसके मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल से जहां एक ओर हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है, वहीं जीवन में अनुशासित रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। डीएवी खलारी के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण डीएवी स्कूल खूंटी के प्रधानाचार्य मनोजेश्वर कुमार तथा आयोजन के पर्यवेक्षक विवेकानंद घोष ने किया। मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं और कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। समस्त प्रतियोगिताएं खेल एवं शारीरिक शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह के सफल निर्देशन में संपन्न हुआ।

## खूंटी में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक



मेट्रो रेज

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी में बालक एवं बालिकाओं के नामांकन के संबंध में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिला स्तर पर समेकित सूची का अवलोकन किया। समिति के सभी सदस्यों से सूची के संबंध में विचार-विमर्श किया गया और संबंधित विद्यालयों में नामांकन की सूची का अनुमोदन किया गया। यथाशीघ्र सभी चयनित छात्र-छात्राओं का नामांकन कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित सभी विद्यालयों की वार्डन उपस्थित थी।

## श्रीगुरुनानक पब्लिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू

मेट्रो रेज

**रामगढ़:** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान में विद्यालय के सभी वर्गों के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वागत गान, कविता वचन तथा पर्यावरण को कैसे हरा भरा रखा जाए, प्रकृति को कैसे प्रदूषण मुक्त बनाएं तथा इसे किस प्रकार से सुरक्षित रखा जाए विषय पर भाषण दिया।



इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों के बीच 2500 पौधों का वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा और विद्यालय के हर एक विद्यार्थी को पौधा दिया जाएगा। आज 150 पौधे भी बांटे गए। विद्यालय के हितधारकों के समन्वय से आगामी सप्ताह वृक्षारोपण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। एसजीएनपीएस के बच्चे अपनी प्यारी मां के साथ मिलकर पौधे लगाएंगे और उनके साथ सेल्फी खींचकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे और इसे सुरक्षित रखेंगे भी। इस सप्ताह के दौरान बच्चे जैव विविधता के प्रति अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के शिक्षक बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाने की प्रतिबद्धता जताएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों को पौधरोपण के महत्व और हमारे पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

## किसानों को है झमाझम बारिश का इंतजार, हाथी दांत बन कर रह गया है चेकडैम

मेट्रो रेज

**सिल्ली :** सिल्ली क्षेत्र में किसानों को झमाझम बारिश का बेसब्री से इंतजार है पिछले कई दिनों से बारिश की बाट जोहते किसानों का हाल बेहाल है और उनके चेहरे में मायूसी छा गया है। इस क्षेत्र के किसानों खेती के लिए बारिश के पानी पर ही निर्भर है। सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को खेती करने में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। यहां के लोगों का मुख्य व्यवसाय खेती पर आधारित है। ऐसे में बारिश नहीं होने से किसान काफी चिंतित है। मजे की बात है कि सिंचाई के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर क्षेत्र में जहां तहां जैसे तैसे लगभग 56 से अधिक चेकडैम एंव श्रृंखलाबद्ध चेक डैम बना है जो हाथी दांत बनकर रह गया है इतना ही नही हर चेक डैम पर मशीन घर बना है जहां कभी मशीन लगा ही नही। चेक डैमों का लाभ किसानों को कागजों में मिलता दिखाया जा रहा है। असल लाभ ठेकेदार विभागीय अधिकारी और क्षेत्र के छूटभैया



नेता लोगों ने उठाया है। इधर पूर्व विधायक अमित महतो समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने कम बारिश होने पर कहा सूखे का खतरा मंडरा रहा है, धीरे धीरे धान रोपनी के लिए समय बीतता जा रहा है। ऐसे में सरकार को किसानों के लिए राहत योजना चाहिए। वही अमित महतो ने कहा चेक डैम निर्माण में पैसा का बंदरबांट निश्चित रूप से हुआ है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। हरवाडीह गांव के किसान चरकु महतो ने कहा बारिश का आस में है दूसरा कोई साधन नही है चेक डैम है तो बिना काम का। यहां गरीब और किसान के नाम पर लूट है।



न्यूज ब्रीफ

### प्रदीप साहु के निधन पर पंच परगना सुढी संघ में शोक



**मुरी :** सिल्ली मेन रोड निवासी प्रदीप कुमार साहु ( गणेश साहु के छोटे भाई) का आज रांची रिम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से काफी बीमार चल रहे थे। उनकी आयु लगभग 55 वर्ष के आस पास थी। उनका दाह संस्कार आज ही सुवर्णरिखा घाट के तट पर लगभग 12.30 पूर्वाह्न के आसपास होगी। यह सूचना उनके बड़े भाई गणेश साहु ने मोबाईल फोन पर दी है।उनके निधन से सब दुखी हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में दुख सहन करने कि शक्ति दे।पंच परगना सुंडी संघ के संगठन ने दुख व्यक्त किया है।

### युवा कांग्रेस ने लॉन्च किया हर घर खटाखट कार्यक्रम



**पलामू:** डालटनगंज के सर्किट हाउस से झारखंड युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट अभियान की शुरूआत हुई। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अजीत तिवारी ने राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आहवान किया।

अभियान के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी, प्रवक्ता मणिकांत सिंह, सचिव सह पलामू जिला सह प्रभारी विजय बहादुर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष परवेज अली, डालटनगंज विधानसभा अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह ने हर घर खटाखट कार्यक्रम को लॉन्च किया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि आज जिले में हर घर खटाखट कार्यक्रम लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम के तहत हमारे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता चलो पंचायत - चलो वार्ड के नारे के साथ जिले की पंचायतों में चौपाल लगाकर सरकार द्वारा जनता को दी जा रही योजनाओं की जानकारी और चर्चा करेंगे। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार ने सर्वजन पेंशन, 200 यूनिट बिजली फ्री, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी, अबुवा आवास योजना, सावित्रीबाई फुले योजना के माध्यम से 8 क्लास से लेकर 18 साल तक की छात्राओं को चालीस हजार रुपए, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, पुरानी पेंशन स्कीम योजना, मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों को लाभान्वित करने का काम कर रही है। युवा कांग्रेस प्रवक्ता मणिकांत सिंह ने कहा हर घर खटाखट कार्यक्रम के साथ साथ ही युवा कांग्रेस पंचायत और बूथ के युवाओं से भी संवाद कर उन्हें संगठन में जोड़ने का काम करेगी। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पलामू सह प्रभारी विजय बहादुर ने कहा कि सरकार की योजना को हर घर में पहुंचना है। इस मौके पर सनाउल्लाह खान, पिंटू सिंह, गुलाम नबी, जहांगीर अंसारी, देवांश शुक्ला, मोहम्मद जमाल आदि मौजूद थे।

### नेउरा में चेहल्लुम पर 11 लाख की बनेगी ताजिया, कमेटी गठित



**पलामू :** चेहल्लुम के मौके पर 11 लाख की लागत से भव्य ताजिया का निर्माण किया जाएगा। यह जानकारी चेहल्लुम इंतेजामिया कमेटी नेउरा चैनपुर के नवनिर्वाचित सदर जुबेर अंसारी ने दी। वे शनिवार को नेउरा चौक पर चेहल्लुम मानने को लेकर हुई बैठक को बतौर सदर संबोधित कर रहे थे। जुबेर ने कहा कि समाज के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे। सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण में चेहल्लुम मनाया जाएगा। नेउरा में चेहल्लुम का त्योहार काफी भव्य तरीके से मनाया जाता है। आसपास के दर्जनों गांव से लोग यहां चेहल्लुम का ताजिया देखने आते हैं। यह नेउरा के लिए गर्व की बात है। इसे निरंतर बनाये रखने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चेहल्लूम में 11 लाख की लागत से भव्य ताजिया का निर्माण कमेटी के द्वारा किया जाएगा। दर्जनों कारीगरों की टीम द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एक महीना की कड़ी मशक्कत के बाद ताजिया को तैयार किया जाएगा। ताजिया कर्बला का प्रारूप का होगा। बैठक नेउरा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिम कमेटी के जनरल सदर अब्दुल मुतालिब की निगरानी में हुई। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम का त्योहार नेउरा गांव की पहचान है, जो हमारे पूर्वज के जमाने से इस त्योहार को भव्य तरीके से मनाते आ रहे हैं और आगे भी हमारी पीढ़ी से मनाते रहेंगे। जनरल सेक्रेटरी इश्तियाक अहमद ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति के प्रति आने वाले पीढ़ी को बताने की जरूरत है। मौके पर कमेटी का विस्तार किया गया। नायब सदर नजीर अंसारी, सेक्रेटरी रिजवान अंसारी, नाइब सेक्रेटरी रहमान अंसारी, खजांची फिरोज आलम, अकलीम अंसारी, सरफरस्त रियासत अंसारी, रजनीश सिंह, निशांत सिंह, सोनू डीलर, गुलाम हैदर, सोहेल अंसारी, मुकतार अंसारी, शाहिद अंसारी, रोस्तम अंसारी, सद्दाम अंसारी, एकरामुदीन अंसारी, नूर मोहम्मद, जून साव, राजा अहमद आदि को बनाया गया।

### बिरसा कॉलेज में पीटो प्रतियोगिता संपन्न



**खूंटी :** बिरसा कॉलेज में शनिवार को मुंडारी भाषा विभाग की ओर से एक दिवसीय इंटर सेमेस्टर वाइज पारंपरिक खेल पीटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2, यूजी सेमेस्टर 3 और पीजी सेमेस्टर 2 की कुल तीन टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2 की टीम विजय रही। यूजी सेमेस्टर 3 को द्वितीय स्थान मिला और पीजी सेमेस्टर 2 की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विद्यार्थी उत्साह के साथ शामिल हुए। पुरस्कार वितरण बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रभारी प्राचार्या प्रो जे किड़ो ने किया। इस अवसर पर मुंडारी भाषा विभाग अध्यक्ष प्रो सावित्री कुमारी, प्रो वासुदेव हस्सा, प्रोकालीचरण मुंडू, डॉ सिजरेन सुरीन, जावरा तिड़ू, नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियस मिंज सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

## सरकार उर्दू भाषा के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है : शाहिद अयुबी

**रांची :** एएमआईएम के नगर अध्यक्ष शाहिद अयुबी ने कहा है कि हेमन्त सोरेन सरकार उर्दू भाषा के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उर्दू राज्य की द्वितीय राजभाषा है, बावजूद उर्दू भाषा के विकास व उत्थान के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। सरकार की उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण उदूर्भाषी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव उर्दू के विद्यार्थियों व उर्दू से कैरियर बनाने वाले विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। झारखंड में उर्दू को द्वितीय राजभाषा का दर्जा मिले लगभग 17 साल हो गए। लेकिन अभी तक उर्दू भाषा को उचित सम्मान नहीं मिल सका है। 2007 में उर्दू को राज्य में द्वितीय राजभाषा का दर्जा मिला। लेकिन उर्दू को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर पर कोई पहल नहीं की गई।उर्दू के साथ सरकार का ऐसा ही बर्ताव रहा तो, शायद ही आज के युवाओं के स्मृतियों में यह रह जाए कि उर्दू झारखंड की राजकीय भाषा है. बात जब झारखंड राज्य की हो रही हो तो एक राजकीय भाषा को भूला देना दुर्भाग्यपूर्ण है..झारखंड में उर्दू सार्वजानिक जगहों से लगातार अपनी वजूद खोती हुई नजर आ रही है. इसे सरकारी दफ्तरों और सड़कों के लिखे नाम से समझ सकते हैं..जब सरकारी दफ्तरों के मुख्य द्वार पर ही उर्दू नहीं लिखी गई है तो आज के युवा कैसे उर्दू के बारे में जानेंगे.

## डीएसपीएमयू में ग्लोबल हेरिटेज कॉन्क्लेव का उद्घाटन



**रांची :** डीएसपीएमयू में हेरिटेज सोसाइटी और डीएसपीएमयू के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ग्लोबल हेरिटेज कॉन्क्लेव की शुरूआत की गयी। इसका मुख्य विषय जनजातीय धरोहर है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि जनजातीय धरोहर और संस्कृति को केवल संग्रहालयों तक ही सीमित नहीं रखा जाये, बल्कि उनकी विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया जाये।

परंपरा और विरासत को सुरक्षित रखाः अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने जनजातियों की विशेषताओं के संबंध में कहा कि उन्होंने अपनी परंपरा और विरासत को सुरक्षित रखा है, जो उनमें पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के जीवन में उनकी कला-संस्कृति और लोकनृत्य अहम भूमिका निभाते हैं। जिनके द्वारा वह अपनी संस्कृति को संरक्षित रखते हैं। उदघाटन सत्र के बाद डॉ रत्ना सिंह द्वारा लिखित पुस्तक थारू जनजाति एक विमर्श का विमोचन किया गया। इस कॉन्क्लेव में मुख्य वक्ता के रूप में भारत अध्ययन केंद्र बीएचयू के सदस्य प्रो विजय कुमार शुक्ला, आइसीपीआर नयी दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ सच्चिदानंद मिश्र, डॉ रवींद्र कुमार चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## सीएम हेमंत सोरेन ने नव नियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार को दी बधाई

**रांची :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने संतोष सिंह गंगवार को राज्य का नया राज्यपाल नियुक्त करने पर बधाई दी है। हेमंत सोरेन ने अपने एक्स पर लिखा कि झारखंड के नव नियुक्त राज्यपाल आदरणीय संतोष गंगवार जी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। झारखंड की महान और वीर भूमि पर आपका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। सीएम हेमंत ने झारखंड के पूर्व राज्यपाल को भी महाराष्ट्र का गवर्नर बनाये जाने पर बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर आदरणीय सीपी राधाकृष्णन जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अनुकंपा समिति ने 56 मामलों में की समीक्षा, 52 मृतक पुलिसकर्मियों के आश्रितों को मिली नौकरी

**रांची :** 52 मृतक पुलिसकर्मियों के आश्रितों को नौकरी मिली। गौरतलब है कि बीते दिनों झारखंड पुलिस मुख्यालय की अनुकंपा समिति ने 56 मृतक पुलिसकर्मियों आश्रितों को नौकरी देने के मामलों का समीक्षा की थी। जिनमें 52 आवेदनों पर नियुक्ति की मंजूरी दे दी गई। वैसे पुलिसकर्मी के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी मिलती है, जिनकी मृत्यु नौकरी के दौरान हो जाती है। तो उनके आश्रित के आवेदन पर अनुकंपा समिति विचार कर निर्णय लेती है। अनुकंपा समिति द्वारा स्वीकृत आवेदनों में बाल सिपाही के 19, जबकि अन्य में आरक्षी और महिला आरक्षी के नियुक्ति की अनुशंसा की गई है। सभी को नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया है।

# राज्य में 30 और 31 को बारिश के आसार

मेट्रो रेज



**रांची :** झारखंड में दो अगस्त तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार दो अगस्त तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि राज्य में कहीं- कहीं पर भारी बारिश भी हुई। राज्य में मॉनसून गतिविधि सक्रिय रही। सबसे अधिक वर्षा 77 एमएम दारू (हजारीबाग) में दर्ज की गयी। उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया। शनिवार को दिन में सबसे अधिक बोकारो में 49.5 एमएम बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार 28 जुलाई को खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, पलामू और गढ़वा में भारी बारिश की संभावना है जबकि 30 और 31 जुलाई को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां में मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। 31 जुलाई और एक अगस्त को राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं उत्तर-पूर्वी भागों गढ़वा, पलामू , लातेहार, चतरा, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और देवघर में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं राजधानी रांची में एक जून से 27 जुलाई तक 314 मिलीमीटर बारिश हुई है।

## अग्रवाल सभा का चुनाव आज

मेट्रो रेज

**2455 मतदाता अग्रवाल सभा के नये सत्र-2024-26 के लिए 31 कार्यकारिणी सदस्यों चयन करेंगे**

**रांचीः** अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम सभा एवं नए सत्र-2024- 26 के लिए कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव 28 जुलाई को महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। चुनाव के निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह निर्वाचन पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया ने बताया कि 28 जुलाई को होने वाले अग्रवाल सभा के नए सत्र के चुनाव की तैयारीयां पूरी कर ली गई है। मतदान पूर्वाह्न 11 बजे से संध्या 4 बजे तक महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। उन्होंने बताया कि सभी 38 प्रत्याशियों की अंतिम सूची क्रमांक संख्या के साथ जारी कर दी गई है। तथा कुल 2455 मतदाता अग्रवाल सभा के नये सत्र- 2024-26 के लिए 31 कार्यकारिणी सदस्यों चयन करेंगे। मतदाताओं द्वारा 31 सदस्यों को मत देना अनिवार्य होगा। सभी मतदाताओं को 31 उम्मीदवार पर चिन्ह टीक मार्क लगाना अनिवार्य है। कम या अधिक टीक मार्क लगाने या कट छंट करने पर मतपत्र अवैध घोषित कर दिया जाएगा। मतदान स्थल पर रखे पेन से ही टीक मार्क करना अनिवार्य है। सभी मतदाताओं को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त फोटो युक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। मतदान के पूर्व पूर्वाह्न 10 बजे वार्षिक आम- सभा होगा। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आम सभा एवं मतदान में भाग ले। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी ने दी।

## उपायुक्त ने की गेल लिमिटेड और डाक विभाग की समीक्षा, दिये जरूरी निर्देश

मेट्रो रेज



**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय में गेल लिमिटेड और डाक विभाग के विभिन्न मामलों से संबंधित समीक्षा की। इस दौरान सम्बंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

गेल की ओर से जानकारी दी गयी कि रांची शहर में कई जगह ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इस कारण खुदाई का कार्य भी हो रहा है। कई जगह गेल की गैस पाईप लाइन गुजरी है। खुदाई के दौरान गैस पाइप क्षतिग्रत होने से गैस का रिसाव होता है। इस कारण उन्हें खुदाई की जानकारी पूर्व से दे दी जाये, ताकि गेल का पाईप क्षतिग्रस्त ना हो जिससे गैस का रिसाव नहीं होगा। उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी कंपनी अगर खुदाई करती है, तो इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देते हुए एनओसी जिला प्रशासन से अवश्य रूप से लें। उपायुक्त ने डाक विभाग से सम्बंधित मामले की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ डाक अधीक्षक डाकघर से जानकारी प्राप्त की। डाक अधीक्षक ने बताया कि मुख्य डाकघर डोरंडा में ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में मुख्य डाकघर डोरंडा की कुछ जमीन जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि उन्हें अन्यत्र जमीन दी जा रही है। बैठक में अपर समाहर्ता रांची रामनारायण सिंह, महाप्रबंधक गेल लिमिटेड, वरिष्ठ डाक अधीक्षक डाकघर रांची मंडल रांची एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निजी विद्यालयों की मांग को लेकर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिला जपस्वा

मेट्रो रेज



**रांचीः** निजी विद्यालयों के मान्यता और कई जटिल समस्याओं से मैं अवगत हूँ । मेरे क्षेत्र में भी कई अच्छे विद्यालय हैं जो अच्छी शिक्षा देते हैं लेकिन मान्यता नहीं मिला , उक्त बातें झारखण्ड के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता के दौरान बोले।

कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए बोली कि सोमवार को माननीय मुख्यमंत्री को फिर से मैं अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण हेतु बात करूंगी और जरूरत पड़ने पर प्रतिनिधि मंडल को भी मिला दूंगी।

झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल अरविंद कुमार , अध्यक्ष और आलोक बिपिन टोप्पो कोषाध्यक्ष के नेतृत्व में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम नियमावली के प्रथम संशोधन 2019 में निजी विद्यालयों के मान्यता को लेकर इतना जटिल नियम बना दिया गया है जिसको पूर्ण रूप से लागू करना अंसभव है। कुछ नियम तो मान्यता प्राप्त विद्यालय भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार, आलोक बिपिन टोप्पो, रणधीर कुमार कौशिक, सचिदानंद कुमार, मुकेश कुमार सिंह, सुभोजित अधिकारी, अब्दुल बारीक, विनीता पाठक नायक सोनी नायक शामिल थे।




## स्वस्थ जीवन का अनमोल खजाना है उत्तम स्वास्थ्य : संतोष गुप्ता

मेट्रो रेज

**रांची :** आज कलावती स्कूल ऑफ नर्सिंग कमड़े,रातू रोड रांची में न्यूट्रिशंस प्रोग्राम का आयोजन प्रशासनिक पदाधिकारी विश्व दीपक पांडे के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में छात्र क्लब चिकित्सा मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप)के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,नर्सिंग कॉलेज के निदेशक संतोष गुप्ता,शिवनंदन पाठक आदि मौजूद थे।इस मौके पर नर्सिंग स्कूल के छात्र छात्राओं ने स्वस्थ्य मानव शरीर के लिए आवश्यक संतुलित भोजन स्वनिर्मित एवं पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संतोष गुप्ता ने अपने संबोधन मे कहा उत्तम स्वास्थ्य ही जीवन का अनमोल खजाना है साथ ही पौष्टिक एवं संतुलित भोजन ही उत्तम स्वास्थ्य का आधार है। इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर हम समाज से कुपोषण को पूरी तरह समाप्त कर सकते हैं। शिव किशोर शर्मा ने कहा शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए विशेषज्ञों की सलाह लेकर हरी साग सब्जियां एवं पौष्टिक भोजन का सेवन अति आवश्यक है।शिवनंदन पाठक ने तबीयत खराब होने पर किस तरह की भोजन आवश्यक है इस पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

## सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार : झामुमो




**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के चतरा, पलामू और लातेहार जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में शनिवार को हुई` पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आए कार्यकताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उठ रहे जिज्ञासाओं को शांत किया और संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही। पांडेय ने बैठक में राज्य सरकार के जरिये चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने का निर्देश नेताओं को दिया। साथ ही सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में चतरा, पलामू और लातेहार जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर-महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा सचिव शामिल हुए।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी खुले में मांस बेचने वाले रांची के 100 से अधिक दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी राजधानी रांची भी खुले में मांस बेचा जा रहा है। रांची पुलिस ने इन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में इस थाना क्षेत्र में खुले में मांस बेचने वाले 51 दुकानदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं रांची में 100 से अधिक दुकानदारों पर खुले में मांस बेचने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इन दुकानदारों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, 290, 293 और फूड सेफ्टी एक्ट 2006 की 63 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जहां खुलेआम बिक रहा मांस, वहां के थाना प्रभारी पर करें कार्रवाई : श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने रांची नगर निगम को यह निर्देश दिया था कि खुले में मांस की बिक्री न हो यह सुनिश्चित की जाये। साथ ही अदालत ने रांची पुलिस को यह निर्देश दिया था कि जिस थाना क्षेत्र में खुले में मांस की बिक्री हो रही है, उस थाना क्षेत्र के पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें।

## लूट मामले में तीन दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

**रांची :** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने लालपुर में एसबीआई बैंक और जेवर दुकान में हुई लूटकांड मामले में तीन दोषियों को गौतम रविदास, संजय राम और राजू पांडे को अदालत ने शनिवार को 5-5 साल की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 15-15 हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर सभी को नौ माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। उल्लेखनीय है कि सभी आरोपितों की गिरफ्तारी रातु थाना के द्वारा की गई थी और मामले में प्राथमिकी भी रातु थाना में ही दर्ज की गई थी।

## कुछ महीने में मिलेगी रांची वासियों को नए फ्लाईओवर की सौगात

प्रकाश पाठक की विशेष रिपोर्ट

तरक्की की राह पर निरंतर अग्रसर राजधानी रांची झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के लोगों के बीच एक आधुनिक शहर के रूप में प्रसिद्ध हो रहा है,किंतु इस तरक्की के साथ साथ शहर को बढ़ती जनसंख्या का बोझ भी सहना पड़ रहा है। इस कारण इस शहर की पुरानी सड़कें अब इस आबादी का बोझ सह नहीं पा रही है इस कारण सभी मुख्य मार्गो में आए दिन जाम की समस्या लगी रहती है,जिससे आम जन त्रस्त हो चुके हैं। सरकार कई वर्षो से इस समस्या के समाधान में लगी हुई है इसी प्रयास के तहत रांची में लगभग 5 से 6 फ्लाईओवर बनाने योजना बनी है जिसमे की तीन फ्लाईओवर का काम लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है बाकी का कार्य इस वर्ष के अंत तक संपन्न होने की संभावना है। फ्लाईओवर के बन जाने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरेगी जिससे की रांची वासियों को जाम की मुसीबत से छुटकारा मिलेगा।





**OFFICE OF THE RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI**
**(ENGINEERING SECTION)**
**KUTCHERY ROAD, RANCHI, PIN – 834001**
**e-mail :- support@ranchimunicipal.com**

**LETTER No:-203/Eng** **DATED:-26-07-2024**

**e-Procurement Notice**

1. Name of Tender Inviting Officer :- Chief Engineer, RMC, Ranchi
2. Date of Publication of Tender on Website :- 30-07-2024
3. Bid Submission Start Date :- 30-07-2024
4. Bid Submission End Date :- 20-08-2024 Up to 5:00 PM
5. Date/Time of Opening bid :- 21-08-2024 Up to 12:30 PM
6. Helpline number :- 9279239910/9430763688

| Sl. No. | Ward No. | Name of the Work | Approximate value of work (Rs) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 18 | Construction of Community Hall under Ward No- 18 Ranchi Municipal Corporation, Ranchi. | 56,60,791.00 | 1,15,000.00 | 11,800 | 180 Days |

❖ Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Dept., Govt of Jharkhand Letter No- 120 Dated- 03-10-2023 and UDHD Gov. Of Jharkhand Letter No-4847 Dated- 11-10-2023.
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Ranchi Municipal Corporation, Ranchi

PR 330917 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D

## रंगीन लेंस के साथ करें सही आई मेकअप का चुनाव, तभी लुक दिखेगा खूबसूरत



**रंगीन** कॉन्टेक्ट लेंस आपकी आंखों की खूबसूरती तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन जरूरी है कि आप इसके साथ सही मेकअप करें। ग्लैमरस दिखना हर किसी को पसंद होता है, जिसके लिए महिलाएं कलर्ड कॉन्टैक्ट लेंस या कॉस्मेटिक कॉन्टेक्ट लेंस का उपयोग करती हैं। बाजार में आजकल ब्लू, हेजल, ग्रीन, ग्रे और ब्राउन कलर के कॉन्टैक्ट लेंस मिलने लगे हैं। इन खूबसूरत लेंसेस ने मेकअप उद्योग में एक क्रांति-सी ला दी है, क्योंकि इनकी मदद से आप अपनी आंखों को किसी भी रंग में रंग सकती हैं। बहुत-सी महिलाएं अक्सर स्टाइलिश लुक पाने के लिए कॉन्टैक्ट लेंस लगाती हैं, लेकिन इसके साथ ही जरूरी है सही मेकअप करना, वो भी लेंस के कलर के हिसाब से, ताकि आप और भी ज्यादा खूबसूरत दिखें।

बाजार में आजकल ब्लू, हेजल, ग्रीन, ग्रे और ब्राउन कलर के कॉन्टैक्ट लेंस मिलने लगे हैं। इन खूबसूरत लेंसेस ने मेकअप उद्योग में एक क्रांति-सी ला दी है, क्योंकि इनकी मदद से आप अपनी आंखों को किसी भी रंग में रंग सकती हैं। बहुत-सी महिलाएं अक्सर स्टाइलिश लुक पाने के लिए कॉन्टैक्ट लेंस लगाती हैं, लेकिन इसके साथ ही जरूरी है सही मेकअप करना, वो भी लेंस के कलर के हिसाब से, ताकि आप और भी ज्यादा खूबसूरत दिखें।

**ब्लू की बात निराली:** अगर आप किसी पार्टी में ब्लू कलर का लेंस लगा रही हैं तो अपने बालों का कलर लाइट गोल्डन या ब्राउन रखें और लाइट मेकअप करें। फेयर स्किन टोन वाली महिलाओं पर ब्लू लेंस अच्छे लगते हैं?और स्मोकी आई मेकअप उसे क्लासी बना देता है, जो मेकअप को कंप्लीट तो करता ही है, नाइट पार्टी में आपको ग्लैमरस लुक भी देता है।

**हेजल में जंचेंगी आप:** इस कलर का लेंस लगभग सभी स्किन टोन पर जंचता है। अगर आप किसी अवसर पर यह लेंस लगा रही हैं तो आपका आई शैडो पिंक के साथ गोल्डन टच लिए होना चाहिए, जो कि काफी यूनिक और क्लासी लुक देगा। वहीं, आपका ओवरल मेकअप भी लाइट और नेचुरल होना चाहिए, जिसके साथ नेचुरल डार्क पीच लिप शेड्स आपको भीड़ में खास बना देंगे।

**ग्रे तो लाजवाब है:** अगर आपने ग्रे कलर के कॉन्टैक्ट लेंस लगाए हैं तो आपको पीच कलर का आई मेकअप करना चाहिए। साथ ही फेस मेकअप भी लाइट करना चाहिए, क्योंकि ग्रे कलर कॉन्टैक्ट लेंस का अंडरटोन ब्लू होता है। इस लेंस को लगाने के बाद आपको अपने मेकअप का खास ख्याल रखना होता है, क्योंकि यह केवल कुछ ही स्किन टोन पर सूट करता है।

**ग्रीन का कमाल:** अगर आप इसे पहली बार ट्राई कर रही हैं और आपका स्किन टोन सामान्य है तो मेकअप ब्राइट होना चाहिए। इस लेंस के साथ ब्राइट कलर का मेकअप सही लगता है और आप खुद को मेकअप तथा लेंस के साथ अच्छा महसूस करती हैं।

**ब्राउन सबको भाए:** ये महिलाओं की पहली पसंद होते हैं। इस कलर के लेंस के साथ आपको डार्क कलर का मेकअप करना चाहिए, क्योंकि यह आपको एक बोल्ड लुक देता है। नेचुरल लिप शेड्स के साथ एक बोल्ड ऑउटफिट ओवरऑल लुक को कंप्लीट करते हुए आपको आत्मविश्वास से लबरेज करता है।

**वाटर बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट:** मेकअप आर्टिस्ट, दीपिका साहा का कहना है कि कॉन्टैक्ट लेंस को छूने से पहले अपने हाथों को साफ करें और मेकअप करने से पहले ही लेंस लगा लें। साथ ही मेकअप रिमूव करने से पहले इसे हटा दें। जहां तक रंगों की बात है तो कॉन्टैक्ट लेंसेस कई कलर्स में आते हैं, लेकिन भूरे रंग के आई लेंस हर तरह की स्किन टोन पर जंचते हैं। आप हर तरह की पार्टी में इसका इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपके मेकअप को बढ़ावा देगा। आई लेंसेस सिलिकॉन हाइड्रोजेल से बने होते हैं, जो ऑक्सीजन को आपकी आंखों में जाने देते हैं। यह सिलिकॉन पॉलिमर्स हाइड्रोफोबिक होते हैं, जिसका मतलब है कि यह वाटर को हटाते हैं और ऑयल को आकर्षित करते हैं। इसलिए मेकअप करते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि आप वाटर बेस्ड मेकअप प्रॉडक्ट ही चुनें, न कि आयल बेस्ड मेकअप प्रॉडक्ट।

# शुभ नक्षत्र और योग में सावन का दूसरा सोमवार, जानें पूजा मुहूर्त और महत्व



**सावन** मास का सावन सोमवार व्रत शिव पूजा के लिए विशेष महत्व वाला माना जाता है। इस साल सावन की शुरूआत ही सोमवार से हुई थी और इसका समापन भी सोमवार के दिन होगा। इस बार श्रावण में पांच सोमवार पड़ेंगे। इसकी वजह से भी सावन का महीना महत्वपूर्ण हो गया है। पहला सावन सोमवार 22 जुलाई को था। सावन मास का दूसरा सावन सोमवार व्रत 29 जुलाई को है। उस दिन सावन मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि सायं 05 बजकर 55 मिनट तक है। उसके बाद से दशमी तिथि शुरू हो जाएगी।

**दूसरा सावन सोमवार मुहूर्त और योग :** सावन के दूसरे सोमवार पर भरणी नक्षत्र प्रातः 10 बजकर 55 मिनट तक है, उसके बाद से कृत्तिका नक्षत्र है। शुभ योग की बात करें तो गण्ड योग सुबह से शाम 05 बजकर 55 मिनट तक है, इसके बाद वृद्धि योग प्रारंभ होगा।

सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त प्रातः काल 04 बजकर 17 मिनट से 04 बजकर 59 मिनट तक है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 48 मिनट से बजे से 12 बजकर 42 तक है।

**सावन का दूसरा सोमवार कैसे करें पूजन :** इस बार सावन मास में पांच सोमवार होंगे। सावन मास के सोमवार पर अपनी मनोकामना पूर्ण हेतु आप भगवान शिव की 108 बेलपत्रों से भगवान की पूजा करें। भगवान शिव पर एक-एक बेलपत्र अर्पित करते हुए ॐ साम्ब सदा शिवाय नमः का लगातार जाप करें। इससे आपकी मनोकामना पूर्ण होंगी और जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त होंगी।

**सावन मास का महत्व:** पुराणों के अनुसार समुद्र मंथन श्रावण मास में हुआ था। उस समय समुद्र मंथन से 14 प्रकार के तत्व 14 रत्न निकले ।इनमें से 13 तत्वों व रत्नों देवताओं व दानवों ने आपस में वितरण कर लिया। उन तत्वों में से एक तत्व हलाहल विष भी निकला। वह हलाहल विष भगवान शंकर को दिया गया। हलाहल विष भगवान शंकर ने अपने कंठ (गले) में धारण किया। उससे भगवान शंकर का गला नीला पड़ गया, इससे भगवान शंकर नीलकंठ कहलाए। परंतु उस विष की गर्मी इतनी अधिक थी की देवताओं को गर्मी शांत करने का कोई उपाय नहीं सूझा। इस पर चंद्रदेव को शिव शंकर ने मस्तक पर धारण किया था तथा भगवान शंकर के मस्तक पर ही गंगा अवतरित किया फर्म भी ताप कम नहीं हुआ। तब जाकर सहस्त्र जलधाराओं से भगवान शंकर का अभिषेक किया गया। तभी से भगवान शंकर पर जल चढ़ाने की परंपरा व धारणा चली आ रही है।

**विभिन्न कामना के लिए अलग अलग जलाभिषेक :** जल के अतिरिक्त दूध दही घी गन्ने का रस शहद गंगाजल आमरस शर्करा आदि विभिन्न द्रव्यों से शिव का अभिषेक विभिन्न कामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाता है आइए देखें कि कौन से द्रव्य से भगवान शंकर का अभिषेक किस कामना की पूर्ति करने में सहायक है।

जल से शिव का अभिषेक करने पर दीघार्यु प्राप्ति होती है तथा विघ्नों का नाश होता है।

दूध से अभिषेक करने पर स्वस्थ शरीर व निरोगी काया प्राप्त होती है।

गन्ने के रस (इक्षु रस) से शिवजी अभिषेक करने पर लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त होती है तथा व्यक्ति संपन्न होता है।

- इत्र से (सुगंधित द्रव्य) से अभिषेक करने पर व्यक्ति कीर्तिवान होता है।
- शक्कर से अभिषेक करने पर पुष्टि में वृद्धि होती है।
- आम रस से अभिषेक करने पर योग्य संतान प्राप्ति होती है।
- गंगाजल से अभिषेक करने पर मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त होता है।
- घी से शिव का अभिषेक करने से संपन्नता आती है।
- तेल से अभिषेक करने पर विघ्नों का नाश होता है।

सरसों के तेल से श्रावण मास में शिवजी का अभिषेक करने से शत्रुओं का शमन होता है।

इस प्रकार विभिन्न कामनाओं की पूर्ति में श्रावण मास में शिव आराधना फलदाई कही गई है। व्यक्ति पूरी निष्ठा के भक्ति भाव आस्था के साथ श्रावण मास में शिव जी का पूजन करता है ,वह निश्चय ही अपने अभीष्ट को पाता है।

# बिना मशीन के बालों को करना है स्ट्रेट तो अपनाएं ये घरेलू तरीके

**लड़कियों को** लंबे- घने और काले बाल काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। खासतौर पर अगर बात करें आज के ट्रेंड की तो आज के समय लंबे और स्ट्रेट बालों का काफी ट्रेंड है। लड़कियां इसके लिए हजारों-हजारों रुपये खर्च करके अपने बालों को परमानेंट स्ट्रेट कराती हैं। इसके साथ-साथ वो कहीं जाने से पहले भी अपने बालों को हीटिंग टूल्स की मदद से घर पर ही स्ट्रेट करती हैं।

हीटिंग टूल्स बालों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं, जिसके चलते इनका ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए मना किया जाता है। वहीं अगर आप परमानेंट अपने बालों को स्ट्रेट कराना चाहती हैं तो इसके लिए आपको काफी रुपये की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में यहां आपको घर पर ही परमानेंट बाल स्ट्रेट करने के लिए तरीके बताए जा रहे हैं, ताकि आप बिना किसी केमिकल के आप भी अपने बालों को स्ट्रेट करा लें। इन नुस्खों के इस्तेमाल से आपके बालों को किसी तरह का कोई नुकसान भी नहीं होगा।

**बिना मशीन के बाल स्ट्रेट करने के घरेलू तरीके**

**पहला तरीका:** अगर बाल स्ट्रेट करने के पहले घरेलू तरीके की बात करें तो ये हॉट ऑयल ट्रीटमेंट है। इससे बाल एकदम से स्ट्रेट नहीं होते। अगर आप धीरे-



धीरे हर रोज ये ट्रीटमेंट लेंगे तो इससे आपके बाल अपने आप हमेशा के लिए स्ट्रेट हो जाएंगे। इस ट्रीटमेंट के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल या फिर बादाम का तेल में से किसी भी तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हॉट ऑयल ट्रीटमेंट लेने के लिए आपको हर रोज अपने बालों में गुनगुने तेल से मालिश करनी है। इससे बाल न सिर्फ मजबूत होते हैं, बल्कि ये बालों को स्ट्रेट भी करता है। इस ट्रीटमेंट के लिए सबसे पहले तेल को हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से करीब 15 से 20 मिनट तक स्कैल्प पर मसाज करें। मसाज करने के बाद अपने बालों को फुल लेंथ में कंघी करें। कंघी करने के बाद हल्के गर्म पानी में तौलिया डुबोकर बालों पर बांध लें। अब बालों को कुछ देर बाल शैंपू से धो लें। लगातार इस ट्रीटमेंट को लेने से भी आपके बाल स्ट्रेट होंगे।

**दूसरा तरीका:** बालों को परमानेंट स्ट्रेट करने के लिए आपको कोकोनट मिल्क का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। ये बालों को स्ट्रेट करने के साथ-साथ चमकदार और मुलायम भी बनाता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल:** इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले एक एक कटोरी में कोकोनट मिल्क और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। अब इसे अच्छी तरह से मिक्स करके कुछ घंटों के लिए फ्रिज में रखें। कुछ देर के बाद आप देखेंगे कि इसके ऊपर क्रीम की एक लेयर बन गई होगी। इसी क्रीम से आपको अपने बालों की मसाज करनी है। बालों की मसाज करने के बाद हल्के पानी में तौलिया डूबोकर इसे बालों में बांध लें अब 20 मिनट के बाद बालों को धो लें। ये क्रीम भी धीरे-धीरे आपके बालों को स्ट्रेट बनाने का काम करेगी।

**तीसरा तरीका:** अगर आपको अंडे के इस्तेमाल से दिक्कत नहीं है तो आप बालों में अंडा और ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके इस्तेमाल से बालों को मॉइश्चर मिल जाता है। अंडा बालों को स्ट्रेट करने का काम करता है।

**ऐसे करें इस्तेमाल :** इसके इस्तेमाल के लिए एक कटोरी में अपने बालों के हिसाब से अंडा फोड़ कर इसका सफेद भाग निकाल लें। अंडे का सफेद भाग निकालने के बाद इसमें थोड़ा सा ऑलिव ऑयल मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगा लीजिए। इसके बाद किसी मोटे दांत वाली कंघी से बालों को सीधा कर लीजिए। इस पैक को लगाने के बाद भी गर्म पानी में तौलिया डुबोकर बालों में बांध लें। आधे घंटे के बाद बालों को पानी से धो लें और हल्के गीले बालों में ही कंघी कर लें। कई बार इस पैक के इस्तेमाल से भी आपके बाल परमानेंट स्ट्रेट हो जाएंगे।

## मानसून में बढ़ जाता है हेपेटाइटिस का खतरा, बचाव के लिए करे ये उपाय



**हेपेटाइटिस,** लिवर को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली संक्रामक बीमारियों में से एक है। मानसून के दिनों में इसका खतरा और भी बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में दूषित पानी और भोजन के सेवन के कारण बड़ी संख्या में हेपेटाइटिस संक्रमण के मामलों का निदान किया जाता रहा है। हेपेटाइटिस की समस्या लिवर में सूजन का कारण बनती है। संक्रमितों में लिवर डेमैज, लिवर फेलियर, सिरोसिस, लिवर कैंसर या मृत्यु का भी खतरा हो सकता है। हेपेटाइटिस के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने और इस रोग से बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस गंभीर संक्रामक रोग से बचाव के लिए सभी लोगों को निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है। स्वच्छता में कमी और खान-पान को लेकर बरती गई असावधानी के कारण इसका जोखिम बढ़ जाता है। आइए जानते हैं कि बरसात के दिनों में हेपेटाइटिस से बचाव के लिए क्या उपाय किए जाने जरूरी हैं?

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ? :** लखनऊ स्थित एक अस्पताल में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ नरेश माधव बताते हैं, मानसून का समय पाचन से संबंधित कई तरह की बीमारियों के जोखिमों को बढ़ा देता है। हेपेटाइटिस संक्रमण का खतरा भी इसमें काफी बढ़ जाता है। वैसे तो टीकाकरण अभियान के चलते अब इसमें कमी आई है पर अब भी हर साल बड़ी संख्या में लोगों में इस संक्रामक रोग का निदान किया जाता रहा है। हेपेटाइटिस का मतलब है लिवर की सूजन, इसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो कई तरह की गंभीर समस्याओं का भी जोखिम हो सकता है। इसके अलावा बरसात के मौसम में पेट में संक्रमण होना भी आम है। इसके कारण पेचिश और दस्त के साथ पेट दर्द और मतली की दिक्कत हो सकती है।

इन समस्याओं से बचाव के लिए तीन बातों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

**1. साफ पानी का ही सेवन करें :** मानसून के दौरान पानी का दूषित होना एक आम समस्या है, विशेषतौर पर जिन इलाकों में बाढ़ आ जाती है वहां इसका खतरा और भी बढ़ जाता है, जिससे हेपेटाइटिस हो सकता है। हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं। घर में वॉटर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपनी खुद की पानी की बोतल साथ रखें।

साफ पानी के साथ स्वच्छ और अच्छे से पका खाना ही खाएं। स्ट्रीट फूड्स से बचें। कच्चे सलाद का सेवन तभी करें जब फल और सब्जियां ठीक से धुली हुई और छीली हुई हों।

**2. स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी :** हेपेटाइटिस ए और ई जैसे संक्रमण का मुख्य कारण अस्वच्छता को माना जाता है। बरसात हो या कोई भी मौसम हाथ की स्वच्छता बहुत जरूरी है। खाने से पहले, शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद और संभावित रूप से दूषित सतहों को छूने के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं। बार-बार मुंह को छूने से बचें। हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखकर हेपेटाइटिस के खतरे को काफी कम किया जा सकता है।

**3. हेपेटाइटिस से बचाव के लिए टीकाकरण :** कुछ प्रकार के टीके इस संक्रामक रोग के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी साबित हुए हैं। हेपेटाइटिस ए और बी के लिए टीका लगवाने के बारे में अपने डॉक्टर से सलाह लें। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बी के टीके लगाने की सलाह देते हैं।

# अक्सर रहता है जोड़ों में दर्द? घरेलू उपायों की मदद से पा सकते हैं आराम

**उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों**-हड्डियों की समस्या भी बढ़ने लगती है। 50 की आयु तक लोगों में गठिया (आर्थराइटिस) का जोखिम भी बढ़ जाता है। गठिया की समस्या के कारण चलना-उठना और जीवन के सामान्य कार्यों को करना भी मुश्किल हो जाता है। वैसे तो पुरुष-महिला किसी को भी गठिया और जोड़ों की दिक्कत हो सकती है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स बताते हैं कि गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान हार्मोनल परिवर्तन के कारण महिलाओं में इसका खतरा अधिक हो सकता है।

भारत में, 60 से अधिक उम्र की हर तीन में से एक महिला गठिया से पीड़ित हो सकती है। यहां तक कि 20 और 30 की उम्र में में भी अब इसका जोखिम बढ़ता देखा जा रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल खराब हो गई है, इसने जोड़ों-हड्डियों की समस्याओं को और बढ़ा दिया है। ज्यादा देर तक बैठे रहना, व्यायाम न करने जैसी आदत खतरनाक हो सकती है। कम उम्र से ही हड्डियों की सेहत को ठीक रखने के लिए उपाय करना जरूरी है।

बढ़ रही है जोड़ों की समस्याः स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम की आदत बनानी जरूरी है। जिन लोगों को गठिया



की समस्या है उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। कुछ घरेलू उपायों की मदद से भी जोड़ों में दर्द, सूजन और गठिया की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल सकती है। आइए उन उपायों के बारे में जानते हैं जो जोड़ो के दर्द से आराम दिलाने में मदद कर सकते हैं।

**गर्म और ठंडी सेंकाई:** गठिया की समस्या में गर्म और ठंडी सेंकाई से राहत मिल सकती है। गर्म पानी की थैली (हीट पैड) या गर्म तौलिए से जोड़ों की सेकाई करने से मांसपेशियों को आराम मिलता है और ये दर्द को कम करने में मदद करता है। इसी तरह से बर्फ की थैली को जोड़ो पर लगाने से सूजन और दर्द को कम किया जा सकता है। आर्थराइटिस के रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से इस उपाय को प्रयोग में लाना चाहिए।

**आहार में शामिल करें एंटी-इन्फ्लेमेटरी चीजें:** एंटी-इन्फ्लेमेटरी चीजें जोड़ों में सूजन को कम करने में मदद करती है, इसके लिए आहार में कुछ बदलाव से मदद मिल सकती है। हल्दी और अदरक में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं। हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो सूजन और दर्द को कम करती है, इसी तरह से अदरक का उपयोग भी सूजन को कम करने के लिए किया जाता रहा है। रोजाना एक गिलास गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पीने से गठिया रोगियों को आराम मिल सकता है।

**जरूर करें व्यायाम :** नियमित रूप से हल्के स्तर के व्यायाम और योग करने की आदत बनाएं। जोड़ो में लचीलापन बढ़ाने और दर्द को कम करने में इससे आराम मिलता है। तैराकी और वॉकिंग जैसी एक्सरसाइज भी मददगार हो सकती है। बहुत अधिक समय तक बैठे रहने से बचें, इससे जोड़ों की गतिशीलता बनी रहती है और दर्द-अकड़न में आराम मिलता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क किनारे खड़े बाईक सवार को हाईवा ने रौंदा, मौत,9




**दुमका :** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमका-रामपुरहाट एनएच-14 पर सरसडंगाल चौक के समीप बाईक सवार युवक सड़क किनारे खड़ा था। इस बीच विपरीत दिशा से आ रहे एक हाईवा ने बाईक सवार युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बाईक हाईवा के नीचे फंस गई। मृत युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट निवासी 35 वर्षीय गोपाल कुमार के रूप में हुई।

### प्रखण्ड आपूर्ति गोदाम का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड परिसर में स्थित खाद्य आपूर्ति गोदाम का प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गोदाम में आगत निर्गत खाद्यान्नों व अन्य सामग्री का रजिस्टर एवं स्टॉक रजिस्टर की गहनता से जांच कर भौतिक सत्यापन किया।जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने समस्त परिसर में संग्रहित चावल, गेहूं,चीनी,नमक व चना दाल आदि खाद्य सामग्री का बारीकी से अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सहायक गोदाम प्रबंधक को उन्होंने दिशा निर्देश दिया कि समय पर गोदाम से सभी अनाजों का उठाव करें। ताकि कार्ड धारी को किया अनाज समय पर वितरण किया जा सके।साथ ही निर्देश दिया कि अनाज गोदाम में अधिक से अधिक दिन ना रहे बरसात का मौसम है जिससे अनाज खराब होने का डर बना रहता है।इसीलिए विशेष सावधानी बरतें।मौके पर बीडीओ सन्नी कुमार दास सहित अन्य प्रखण्ड कर्मी व गोदाम कर्मी उपस्थित थे।

### जाति आधारित राजनीति करती है भाजपा: शाहजहां अंसारी



**साहिबगंज:** विगत दिनों भाजपा सांसद द्वारा लोकसभा में झारखण्ड राज्य के अभिन्न अंग संथाल परगना प्रमंडल,बिहार एवं पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिला कर यूनियन टेरिटरी बनाने के सम्बन्ध में बयान दिया गया था। इसके विरोध में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे का साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। और कहा कि भाजपा जात पात के नाम पर राजनीति करती है । झामुमो जिला अध्यक्ष ने कहा कि उक्त बयान झारखण्ड एवं झारखंडी विरोधी मानसिकता का परिचायक है। मौके पर राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख,धनंजय सोरेन,राजा राम मरांडी,सुरेंद्र यादव,मुज्जमिल शेख,रिजवान अंसारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध बालू परिवहन में लगे पांच ट्रैक्टर जब्त



**पलामू :** मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने शनिवार को सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सतबरवा के सलैया व हलुमाड़ गांव में अवैध बालू के परिवहन व भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने सलैया गांव में अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही 10 ट्रैक्टर अवैध बालू जो डंप कर एक स्थान पर भंडारित कर रखा गया था, उसे भी जब्त किया। इसके बाद उन्होंने हलुमाड़ गांव के औरंगा नदी से 4 ट्रैक्टर, जिसमें अवैध रूप से बालू लोड था, उसे भी जब्त किया। सभी के विरुद्ध सतबरवा थाने में एफआईआर भी दर्ज की गयी। कार्रवाई में सतबरवा सीओ एवं थाने की पुलिस मौजूद रही।

### बिरसा कॉलेज में पीटो प्रतियोगिता संपन्न

**खूंटी :** बिरसा कॉलेज में शनिवार को मुंडारी भाषा विभाग की ओर से एक दिवसीय इंटर सेमेस्टर वाइज पारंपरिक खेल पीटो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2, यूजी सेमेस्टर 3 और पीजी सेमेस्टर 2 की कुल तीन टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में यूजी सेमेस्टर 2 की टीम विजय रही। यूजी सेमेस्टर 3 को द्वितीय स्थान मिला और पीजी सेमेस्टर 2 की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विद्यार्थी उत्साह के साथ शामिल हुए। पुरस्कार वितरण बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रभारी प्राचार्या प्रो जे किड़ो ने किया। इस अवसर पर मुंडारी भाषा विभाग अध्यक्ष प्रो सावित्री कुमारी, प्रो वासुदेव हस्सा, प्रोकालीचरण मुंडू, डॉ सिजरेन सुरीन, जावरा तिडू, नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियस मिंज सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सावन की दूसरी सोमवारी कल

## शिव भक्तों की सेवा में जुटी है एनडीआरएफ की टीम

मेट्रो रेज



**बासुकीनाथ :** श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की हर परेशानी पर जिला प्रशासन की नजर है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए कई सारी व्यवस्था की गयी हैं। श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के साथ साथ कई व्यवस्थाएं भी किये गए है।

दरअसल बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण करने से पूर्व श्रद्धालु बासुकीनाथ धाम स्थित शिव गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए 247 एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा में उपस्थित रहती है।

बासुकीनाथ स्थित शिवगंगा में 9ँ बटालियन बिहटा,पटना के 34 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम प्रतिनियुक्त हैं।जिसके कंपनी कमांडर सोहेल लखानी हैं।टीम कमांडर इंस्पेक्टर रणविजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम पूरी तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।किसी प्रकार की विपरीत स्थित उत्पन्न नहीं हो इसका पूरा ध्यान एनडीआरएफ की टीम के द्वारा रखा जा रहा है।

सावन के दूसरी सोमवारी को लेकर एनडीआरएफ की टीम पूरी तरह से तैयार है। 2 मोटर बोट के साथ एनडीआरएफ की टीम शिवगंगा के हर गतिविधि पर नजर रख रही है।श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ शिवगंगा में स्नान कर अपने आराध्या की पूजा अर्चना कर रहे हैं। मेला क्षेत्र की व्यवस्था के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आये श्रद्धालु राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दे रहे हैं।

# एसकेएमयू के तीन स्नातकोत्तर विभागों में विभागाध्यक्षों की नियुक्ति

मेट्रो रेज

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के तीन स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों का कार्यकाल पूरा होने के कारण उन्हें बदल दिया गया। इनमें स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र, इतिहास और मनोविज्ञान विभाग शामिल हैं। स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. टी.पी. सिंह को एक बार फिर विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि इतिहास विभाग में डॉ स्नेहलता मुर्मू के स्थान पर एसपी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार को नया प्रभारी विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है तथा स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में डॉ. विनोद कुमार शर्मा के स्थान पर एसपी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. कलानंद ठाकुर को नया प्रभारी विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है तथा तत्कालीन प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ.विनोद कुमार शर्मा की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें एसपी कॉलेज जॉइन करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.एन अधिकारी ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ. टीपी सिंह का कार्यकाल दो वर्षों का होगा, जबकि दोनों प्रभारी विभागाध्यक्षों का प्रभार अगले आदेश तक रहेगा। ज्ञात हो कि कुछ शिक्षक पूरे विश्वविद्यालय में वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए स्नातकोत्तर विभाग में विभागाध्यक्ष की नियुक्ति की मांग कर रहे थे, इस बार कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने उक्त तीनों विभागों में वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति की है।

# पुरानी धर्मशाला में मां शीतला कांवरिया सेवा शिविर का उद्घाटन



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहड़वा :** नगर पंचायत क्षेत्र के सब्जी मंडी रोड पुरानी धर्मशाला में मां शीतला कांवरिया सेवा शिविर का शनिवार को उद्घाटन किया गया।जिस में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक ताला मरांडी,राष्ट्रीय मंत्री भाजपा किसान मोर्चा बजरंगी प्रसाद यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामल दास शंभू नन्द भगत,वीरेंद्र यादव, सुमन गुप्ता उपस्थित थे सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी और बाबा गाजेश्वर नाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित,पुष्प अर्पित व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्य गेट पर फीता काटा गया।जानकारी हो कि इस शिविर का 2005 में शुभारंभ किया गया था । जिसका इस बार 20 वा वार्षिक उत्सव मनाया गया।जिसमें पूर्व विधायक ताला मरांडी ने कहा कि भारत वर्ष में कोई ऐसा सख्त नहीं है। जो भोले शिव को नहीं मानता।वही एक ऐसा धाम है।जहां लोग गंगा से गंगाजल भरकर मिलो पैदल जाकर शिवलिंग पर जल अर्पण करते हैं।मौके पर पंकज घोष,विक्की गुप्ता,ललित पासवान, अशोक गुप्ता, मनोहर लाल चौहान,मंजू देवी,उत्तम भगत, सुशील मिश्रा रविंद्र भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनता की समस्याओं के बारे में उन्होंने कभी नहीं सोचा : अकिल अख्तर

- मौजूदा विधायक ने जानबूझ कर यहां के लोगों को उपेक्षित रखा



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जनसपर्क यात्रा के तहत पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने शुक्रवार को बरहरवा प्रखंड के हरिहरा पंचायत में आमजनों से मिलकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता की भावनाओं को कुरेदकर सत्ता हथियाने वाले मौजूदा विधायक ने जानबूझ कर यहां के लोगों को उपेक्षित रखने का काम किया है। उन्होंने जनमत तो लिया लेकिन जनता की समस्याओं के बारे में कभी नहीं सोचा। बल्कि उन समस्याओं को राजनीति का मुद्दा बनाकर राजनीतिक रोटी सेंकने का काम किया। युवाओं का पलायन चरम पर है,लेकिन कभी रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर पहल नहीं किया। यहां की माताएं बहनें और बुजुर्ग बंगाल जाकर इलाज कराने पर विवश हैं,लेकिन यहां अस्पताल होते हुए भी सुवधाएं स्ट्रेचर पर हैं।और नाम मात्र का रेफरल अस्पताल बनकर रह गया है।गुमानी नदी जो किसानों के लिए वरदान थी। लेकिन 20 साल यहां राज करने वाले जनप्रतिधि के गलत नीतियां और उदासीनता के कारण यह नदी अब किसानों के लिए अभिशाप साबित हो रही है।हर साल बाढ़ आती है और हजारों एकड़ फसल बहा कर ले जाती है लेकिन इसके समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं किया बल्कि उसे भी कमाई का जरिया बनाने का प्रयास किया गया। कमीशन का खेल करने के लिए नदी का तटबंध एक ही जगह हर वर्ष तीन चार बार बंधा जाता है और हजारों गरीब किसानों के साथ धोखा करने का काम होता है। विडंबना है कि उनके कार्यकाल में अब तक एक भी किसान को बाढ़ के कारण फसल नुकसान का एक रुपया भी मुआवजा अब तक नहीं मिला है। शिक्षा की हालत इतनी लाचार है कि इस गांव में स्थित मध्य विद्यालय में 600 विद्यार्थी में केवल 2 शिक्षक है। उन्होंने ग्रामीणों के साथ वादा किया कि यदि जनता ने विश्वास दिखाया और अल्लाह ने कामयाबी दी,तो आम आवाम की सेवा का काम होगा। बिजली,पानी,सड़क, स्वास्थ्य के अलावा नदी कटाव रोकने के लिए बोल्डर क्रेटिंग,बाढ़ से बचाने के लिए उपाय,किसानों के फसल को पानी पहुंचाने के लिए स्विच गेट,छात्रों के लिए विधानसभा अंतर्गत यूनिवर्सिटी, रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक पहल होगी।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली,वरिष्ठ कार्यकर्ता अब्दुल मालिक,पंचायत अध्यक्ष अब्दुल बशीर,सचिव अबू ताहिर, बकसार अली,मास्टर मंजारूल, मुखलेसुर रहमान, सुफियान अली,शफीकुल इस्लाम, आलमगीर आलम,मसूद आलम, फरोग अहसान सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# एकजुटता के साथ करते रहें संघर्ष ,आपकी जीत अवश्य होगी : जिला अध्यक्ष

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ समाहरणालय संवर्ग के जिला अध्यक्ष छोटू मथियस बेसरा के नेतृत्व में 09 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चित कालीन हड़ताल का छठा दिन साहिबगंज समाहरणालय के समक्ष धरना में मौजूद रहे। वही धरना में पूर्व जिला मंत्री सीताराम सिंह स्वास्थ्य कारणों से लंबी अवधि से साहिबगंज मुख्यालय से बाहर रहने के वावजूद उनके द्वारा मोबाइल पर ही माइक लगाकर हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अनुसचिवीय कर्मचारियों की 9 सूत्री मांगों का समर्थन किया गया है,तथा कहा कि ऐसे समय में आपकी एकता में ही बल है। कहा कि आप एकजुटता के साथ डटे रहें,जब तक कि सरकार आपसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में समझौता नहीं करती है।आज तक हमने एकजुटता के साथ जितना आंदोलन किया है।सरकार को झुकना पड़ा है।इसलिए मेरा संदेश यही है कि आप एकजुटता के साथ अंत समय तक हड़ताल पर डटे रहें।आज के धरना स्थल में सेवानिवृत शिक्षक भिखारी साह धरना स्थल पर उपस्थित होकर हड़ताली साथियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया?। उनके द्वारा भी यह संदेश दिया गया कि आप एकजुटता के साथ संघर्ष करते रहें।आपकी जीत अवश्य होगी।मौके पर छोटू मथियस बेसरा,भरत यादव,अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक प्रेम प्रकाश वर्मा,जिच्छू मंडल,राजेश कुमार सिन्हा,शशि भूषण साहनी, आशीष रंजन, गोविंद कुमार महतो,रविंद्र कुमार सिंह, कौशल कुमार,नंदन विश्वकर्मा, उपेंद्र प्रसाद कुंवर, प्रकाश सिंह,श्याम सुन माल्टो, पवन कुमार, देवाशीष बनर्जी, सुखदेव माल्टो,राजेश मंडल, अशोक कुमार सिंह, शालिनी माल्टो,लिली मुर्मू,मंजू सिंह,नीला सोरेन, सलोनी माल्टो, पप्पू मुर्मू, सुनीता टुडू,छाया रानी हेम्ब्रम, विजय कुमार मुरमू,लॉउस मरांडी,नम्रता कुमारी,श्यामाकांत शर्मा, शीला हांसदा,कुंदन कुमार ओझा,मंगल माल,समीर कुमार, निर्मल कुमार पोद्दार, रमन झा, प्रभु दयाल मंडल, शिवजतन हांसदा, बाबू चंद रजक, सज्जन कुमार ठाकुर, सुखदेव माल्टो, कृष्ण कुमार सिन्हा, तरन्नुम फातिमा,ईसत्यम कुमार आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त व डीएफओ ने कछुओं को गंगा में छोड़ा



**साहिबगंज :** आनंद विहार ट्रेन से बरामद कछुओं को शनिवार को डीसी हेमंत सती व डीएफओ प्रबल गर्ग ने बोट से बीच गंगा में तीनों कछुओं को सकुशल छोड़ दिया। इसके पूर्व वन विभाग ने उन कछुओं की मेडिकल टेस्ट कराई। जिसमें सभी स्वस्थ पाए गए। डीसी हेमंत सती ने डीएफओ सहित वन विभाग, आरपीएफ, नगर थाना पुलिस व स्टेशन प्रबंधक के कार्य की सराहना की। डीसी ने कहा कि डीएफओ की तत्परता से कछुओं को सकुशल तस्करों के चंगुल से रेस्क्यू किया गया। उन्होंने पूरे वन प्रमंडल टीम की भी सराहना की।मौके पर मौजूद वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत चौधरी वन रक्षी अंकित झा रेस्क्यूर जितेंदर हजारे मौजूद थे।

# कल्याण आवासीय विद्यालय, करमपहाड़ का जिला कल्याण पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने कल्याण आवासीय विद्यालय, करमपहाड़ स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रधानाचार्य को छोड़कर एक अन्य शिक्षक अनुपस्थित पाए गए केवल 39 बच्चों के साथ रसोईया महेश पहाड़िया थे और राकेश कुमार जो रसोई का देख भाल करते हैं। पूर्व में भी इस स्कूल में निरीक्षण के दौरान कई आवश्यक निर्देश दिए गए थे लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ ना ही किसी प्रकार का अनुपालन किया गया। बच्चों को जो बातें बताई गई थी बहुत बदलाव नही दिखा, बच्चे पढ़ने एवं अन्य एक्टिविटीज के लिए छात्र काफी उत्सुक हैं लेकिन शिक्षकों की उदासीनता ऐसी है की कोई सुधार नहीं हो सका। खाना मेन्यू के हिसाब से नहीं बनाया गया, वहीं 39 बच्चों के लिए शनिवार को मेन्यू में रोटी या पूरी सब्जी एक केला खिलाने का था।मगर आज सुबह केवल छात्र को हलुआ दिया जा रहा था। मेन्यू के अनुसार दोपहर का भोजन भी बच्चों को नहीं दिया गया।वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने मेन्यू के अनुसार खाना नहीं दिए जाने पर प्रधानाचार्य को सख्त निर्देश दिए की सभी बच्चों को मेन्यू अनुसार और भीषण गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त जिनसे शरीर डिहाइड्रेशन से बचे खाद्यान्न उपलब्ध कराएं।उन्होंने छात्रों से पढ़ाई को लेकर जागरूक किया कि खूब मेहनत करें तब ही आगे प्रतिफल दिखेगा, साथ ही प्रत्येक दिन स्नान करें ,साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। यदि किसी प्रकार की समस्या है। कुछ डिमांड की आवश्यकता है। तो आवेदन अतिशीघ्र कल्याण कार्यालय में दें ताकि विभाग को पत्राचार किया जा सके।जिला कल्याण पदाधिकारी ने बच्चों से पूछे की आज मेन्यू में क्या- क्या खाना में दिया है।बताओ किसी को कोइ जानकारी नहीं थी । वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी ने भंडार गृह का भी निरीक्षण किए, जिसमे आलू सड़ा हुआ अन्य सामग्री अस्त -व्यस्त, गंदगी भरी हुई थी। मानवता का मिसाल दिखाते हुए एक बहुत दिनो से बीमार पड़े हुए पहाड़िया बच्चों को अपने गाड़ी से साहिबगंज सदर अस्पताल में ले जाकर उन बच्चे को डॉक्टर मोहन मुर्मू जो ड्यूटी में तैनात थे उनको कह कर बच्चे को इलाज करवाया और बगल के बेतोना आयुष्मान स्वास्थ केंद्र से सीएचओ शोलिनी कुमारी को बुलाकर सभी बच्चे को मेडिकल टीम से जांच करवाया।अपने जेब से पैसे देकर स्कूल में बच्चों के लिए स्नान करने के लिए मग, बाल्टी, बच्चों को खेलने के लिए फुटबॉल, कैरमबोर्ड और अन्य सामान मंगवा कर प्रधानाचार्य को उपलब्ध करवाया।

## मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप कंफर्म



**अभिनेत्री** मलाइका अरोड़ा और अभिनेता अर्जुन कपूर इस समय खबरों में बने हुए हैं। ऐसी अफवाह है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। हाल ही में इन्हें एयरपोर्ट पर एक साथ स्पॉट किया गया। उस वक्त कहा गया था कि इन दोनों का पैचअप हो गया। लेकिन उनका ताजा वीडियो सामने आया है, जिसे देखकर यूजर्स भी हैरान हैं। एक इवेंट में अर्जुन और मलाइका एक-दूसरे को इग्नोर करते नजर आए। मलाइका-अर्जुन के इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स कह रहे हैं कि इनका ब्रेकअप हो गया है।

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर को हाल ही में जब मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया तो ऐसा लगा कि उनके बीच सबकुछ ठीक है और वे छुट्टियां मनाने जा रहे हैं। लेकिन अब जो वीडियो सामने आया है उसे देखकर अर्जुन और मलाइका ने अपने ब्रेकअप की पुष्टि कर दी है। पिछले कुछ दिनों से मलाइका और अर्जुन के ब्रेकअप की अफवाहें उड़ रही हैं और दोनों सोशल मीडिया पर गुप्त पोस्ट शेयर कर रहे हैं। अब उन्हें एक फैशन इवेंट में एक-दूसरे को नजरअंदाज करते हुए अलग-अलग बैठे देखा गया। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का यह वीडियो एक पैपराजी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जो ट्रेंड कर रहा है और खूब कमेंट्स आ रहे हैं। आमतौर पर मलाइका और अर्जुन हर इवेंट में साथ नजर आते हैं और एक साथ बैठते हैं, लेकिन इस इवेंट में उनके बीच काफी दूरियां आ गईं और उन्हें अलग-अलग बिठाया गया।

**अर्जुन को इग्नोर करती दिखीं मलाइका:** इवेंट के दौरान अर्जुन कपूर एक फैन के साथ सेल्फी ले रहे थे, इसी दौरान मलाइका ने उन्हें इग्नोर किया और उनसे दूर चली गईं। लेकिन अर्जुन ने उस वक्त अच्छा जेस्चर दिखाया। वह अपने पीछे हाथ रख कर भीड़ के बीच से निकलने में मलाइका की मदद करते नजर आए। लेकिन इस पर मलाइका ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने फिर अर्जुन कपूर की तरफ मुड़ कर नहीं देखा। ये सब देख कर यूजर्स का कहना है कि इन दोनों ने अपने ब्रेकअप की खबर पक्की है।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का विजयी आगाज, न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया

**पेरिसः** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में जीत के साथ आगाज किया है। ग्रुप-बी के अपने पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से मात दी है। वहीं भारत का अगला मुकाबला 29 जुलाई को अजेर्टीना के साथ होगा।



मैच में भारत को न्यूजीलैंड के जबरदस्त डिफेंस का सामना करना पड़ा। पहले क्वार्टर में लेन सैम ने एक पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर न्यूजीलैंड को बढ़त दिला दी। न्यूजीलैंड ने इस गोल को बराबर करने से भारतीय खिलाड़ियों को पहले क्वार्टर तक रोके रखा। हालांकि भारत को हमले के कई मौके मिले लेकिन न्यूजीलैंड की तगड़ी रक्षापंक्ति ने सभी प्रयास विफल कर दिए। इसके बाद भारत ने अपने हमले को तेज किया और दूसरे क्वार्टर के 7वें मिनट में ही मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। मनदीप सिंह के इस गोल से टीम इंडिया ने स्कोर को बराबर किया। इतना ही नहीं भारत ने तीसरे क्वार्टर में भी तेजी बनाई रखी और एक और गोल कर स्कोर में 2-1 से अपनी बढ़त बना ली। यह गोल विकेक सागर प्रसाद के नाम रहा।

एक गोल से पिछड़ने पर न्यूजीलैंड पूरी तरह बौखला गई और लगातार हमले करने की ताक में लगी रही लेकिन भारतीय गोलकीपर श्रीजेश के शानदार डिफेंस को भेद पाने में सफलता नहीं मिली। आखिर के साढे सात मिनट के बाकि खेल में न्यूजीलैंड को एक पेनाल्टी कॉर्नर मिला जिसे साइमन चाइल्ड ने गोल में तब्दील कर स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया। चौथा क्वार्टर के समाप्त होने में 2 मिनट बचे होने के समय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक के मौके को गोल में बदलकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। इस तरह भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में अपना पहला मैच 3-2 से जीत लिया।

## भारत ने श्रीलंका को पहले टी20 में 43 रन से हराया, श्रृंखला में बनाई 1-0 की बढ़त



**पल्लेकल (श्रीलंका):** तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 43 रन से हरा दिया है। भारतीय टीम के लिए पहली बार कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने शानदार अर्धशतक बनाया। वहीं आखिर में रेयान पराग ने मात्र 8 गेंदों में तीन विकेट चटकाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ भारत ने श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत की ओर से मिले 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान श्रीलंकाई टीम ने जबरदस्त शुरूआत की। पहले विकेट के लिए पथुम निशंका और कुसल मेंडिस ने 84 रन की साझेदारी की। कुसल मेंडिस 45 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद निशंका ने कुसल परेरा के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 140 के कुल योग पर निशंका 79 रन बनाकर आउट हुए। निशंका के जाने के बाद श्रीलंकन बल्लेबाजों ने ₹तू चल मैं आया₹ की नीति अपनाई और पूरी टीम 170 रन पर सिमट गई। भारत के लिए रियान पराग ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को 2-2 सफलता मिली। रवि विश्नोई और मो. सिराज के खाते में भी 1-1 विकेट रहा।

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 213 रन बनाए। पहली बार फुल फ्लेज में टीम की अगुवाई कर रहे सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंदों में 58 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जबकि ऋषभ पंत ने 49 रन का योगदान किया। वहीं दोनों सलामी बल्लेबाजी शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने टीम को तेज शुरूआत दिलाई। गिल ने 34 रन और जायसवाल ने 40 रन बनाए।

## पेरिस ओलंपिकः 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में पहुंचीं निशानेबाज मनु भाकर



**पेरिसः** पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी के खेल से भारत के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद प्रबल हो गई है। भारतीय शूटर मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। इवेंट का फाइनल राउंड रविवार, 28 जुलाई को दोपहर के समय खेला जा जाएगा।

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर 60 शॉट के क्वालिफाइंग राउंड में 580 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। क्वालिफिकेशन इवेंट में 600 में से 580 पॉइंट्स हासिल किए और 45 शूटर्स में तीसरे स्थान पर रहीं। मनु ने छह राउंड में क्रमशः 97, 97, 98, 96, 96 और 96 अंक हासिल किए। स्वर्ण पदक के लिए फाइनल कल (28 जुलाई) दोपहर भारतीय समयानुसार 3.30 बजे खेला जाएगा।

वहीं, इसी इवेंट में दूसरी भारतीय शूटर रिद्म सांगवान फाइनल में क्वॉलिफाई ने नहीं कर सकीं। सांगवान 573 पॉइंट्स के साथ 15वें नंबर पर रही।



## बिग बी ने शेयर की केओसी सीजन 16 के सेट की तस्वीर

**बॉलीवुड** के महानायक अमिताभ बच्चन ने क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीजन 16 के सेट से दो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 बारह अगस्त को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज? पर शुरू होगा। अमिताभ बच्चन एक बार फिर केबीसी को होस्ट करने के लिए तैयार हैं। अमिताभ बच्चन ने केबीसी सीजन 16 का शूट शुरू कर दिया है। अमिताभ ने शो के सेट से फोटो शेयर की हैं। अमिताभ बच्चन ने पहली फोटो ब्लैक एंड व्हाइट शेयर की है। इसमें अमिताभ बच्चन स्टेज पर खड़े नजर आ रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा- बैक टू केबीसी 16 सीजन, वहीं अमिताभ बच्चन ने जो दूसरी फोटो शेयर की है उसमें वह कॉरीडोर में दौड़ लगाते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ अमिताभ बच्चन ने कैप्शन में लिखा- हां वापिस आ गया और अब भी रुटीन में कोई चेंज नहीं है, दौड़ अब भी जारी है।

## बॉक्स ऑफिस ह्रायन की धमाकेदार एंट्री, फैन्स बोले- शानदार



**साउथ** सुपरस्टार धनुष की नई फिल्म रायन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। दर्शक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। धनुष की यह 50वीं फिल्म है और यह उनके द्वारा निर्देशित की गई दूसरी फिल्म है। यह फिल्म 100 करोड़ रुपए के बजट में बनकर तैयार हुई है। फिल्म में धनुष के अलावा कालिदास जयराम, संदीप किशन और एसजे सूर्या जैसे स्टार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं हीरो धनुष और विलेन एस.जे. सूर्या की परफॉर्मेंस। दोनों ने अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को बांधें रखा। संदीप किशन ने फिल्म रायन में धनुष के छोटे भाई की भूमिका भी निभाई है। हीरो की बहन तुषारा, संदीप की प्रेमिका अपर्णा बालमुरली ने भी अच्छा अभिनय किया। वरलक्ष्मी, कालिदास जयराम, प्रकाश राज, सेल्वाराघवन ने अन्य भूमिकाओं में अभिनय किया।

गैंगस्टर की कहानी पर आधारित इस फिल्म के लिए एआर रहमान ने संगीत दिया है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। बतौर एक्टर और निर्देशन धनुष ने दर्शकों को दिल जीत लिया है। फिल्म ने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है। रायन की ओपनिंग डे कमाई 12 करोड़ से अधिक की रही है। फिल्म सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से ट्रेंड कर रही है।

धनुष की इस फिल्म को दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। दर्शक न सिर्फ धनुष की एक्टिंक बल्कि उनके नर्देशन की भी खूब तारीफ कर रहे हैं। एक दर्शक लिखते हैं- #रायण एक बहुत ही शानदार अनुभव था!! बधाई हो बतौर एक्टर आपकी 50वीं फिल्म और वो भी आपके निर्देशन में!! कला के प्रति आपके समर्पण को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता!! आपके लिए बहुत गर्व और खुशी है! पूरी टीम को शुभकामनाएं!

## संगीत मेरा जीवन है, इसके बिना मैं चल नहीं सकता!' : आयुष्मान



**बॉलीवुड** स्टार आयुष्मान खुराना ने खुलासा किया है कि आप अपनी जिंदगी में बिना रह नहीं सकते। अभिनेता ने अपने जीवन में संगीत के महत्व के बारे में बात की है। वह कहते हैं, संगीत मेरा जीवन है। मैं संगीत के बिना काम नहीं कर सकता। मैं फिल्मों के बिना रह रहा हूं, लेकिन इसके बिना नहीं। आयुष्मान के लिए संगीत जीवन की याद दिलाने वाला होता है, संगीत छोटी-छोटी जिज्ञासाओं में खुशी जगाने के बारे में होता है। आयुष्मान ने अभी-अभी 'रेह जा' एक गाना जारी किया गया है, जो ट्रेंडिंग में है। वह कहते हैं, जीवन छोटी-छोटी सीख के बारे में है। मैं वास्तव में छोटे-छोटे बचपन और जीवन की छोटी-छोटी सीख के बारे में हूं। 'मैं छोटी-छोटी गाड़ियों से भी हो जाता हूँ और छोटी-छोटी गाड़ियों से भी खुश हूँ।' मैं ऐसा ही हूं।

## पेरिस ओलंपिकः चीन की स्वर्णिम शुरूआत, जीते दो स्वर्ण, पदक तालिका में शीर्ष पर

**पेरिसः** चीन ने शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जो खेलों का पहला पदक आयोजन था।

चीन के हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ ने शिखर मुकाबले में कोरिया गणराज्य के किम जिह्योन और पार्क हाजुन को 16-12 से हराया।

इसके अलावा चीन ने पहले दिन महिलाओं की सिंक्रोनाइज्ड 3 मीटर स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता और दो स्वर्ण के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

चीन की चेन यिवेन और चांग यानि, जिन्होंने पिछले तीन विश्व चैंपियनशिप में इस प्रतियोगिता को जीतने के लिए जोड़ी बनाई है, ने धीरे-धीरे प्रत्येक गोता के बाद साथी प्रतिद्वंद्वियों के साथ अंकों के अंतर को बढ़ाया और 337.68 अंकों के साथ आसानी से खिताब जीत लिया।



यह जीत चीनी डाइविंग ₹ड्रीम टीम₹ के लिए पहला स्वर्ण पदक और पेरिस खेलों में चीन का दूसरा समग्र पदक है।

अमेरिका की सारा बेकन और कासिडी कुक 314.64 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, उसके बाद ब्रिटेन की यास्मीन हार्पर और स्कारलेट मेव जेन्सेन 302.28 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। 2004 एथेंस खेलों के बाद से चीन के लिए इस स्पर्धा में यह लगातार छठा ओलंपिक स्वर्ण पदक है। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का 33वां संस्करण शुक्रवार को पेरिस में शुरू हुआ और 11 अगस्त को समाप्त होगा।

# रणवीर सिंह और आदित्य धर ने मेगा प्रोजेक्ट के लिए मिलाया हाथ

**पावरहाउस** रणवीर सिंह अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के लिए तैयार हैं। इस फिल्म की शानदार कास्ट में संजय दत्त, आर. माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे कलाकार उनके साथ अहम रोल में होंगे। इसका निर्माण जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज द्वारा किया जाएगा।

यह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य धर की रिकॉर्ड तोड़ ब्लॉकबस्टर ह्यउरी-द सर्जिकल स्ट्राइकह्न के बाद दूसरी बड़ी फीचर पिक्चर होगी। आदित्य धर ने 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के साथ 350 करोड़ की कमाई करने वाले पहले डेब्यू डायरेक्टर के रूप में इतिहास रच दिया था। वहीं सुपरहिट रोमांटिक कॉमेडी 'रॉकी ??और रानी की प्रेम कहानी' में अपने शानदार अभिनय के बाद यह रणवीर सिंह की अगली बड़ी फीचर फिल्म है। ऐसे में अपनी पीढ़ी के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक, 'कैमेलियन-किंग' रणवीर से उम्मीद की जा रही हैं कि वो आदित्य धर के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म में अपना बेस्ट देंगे। कुछ हफ्ते पहले इंडस्ट्री में इस डायरेक्टर-एक्टर जोड़ी को लेकर चर्चा शुरू हुई थी, जिससे सभी एक्साइटेड हो उठे, ये सोच कर कि यह जोड़ी बॉक्स-ऑफिस पर क्या

इस फिल्म में संजय दत्त, आर. माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे स्टार कलाकार हैं। इन कलाकारों की यह असाधारण जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर धमाकेदार ड्रामा और केमिस्ट्री पेश करने का वादा करती है। कहा जाता है कि आदित्य धर इस फिल्म के लिए अपने असाधारण नजरिए और इसकी जबरदस्त कहानी के दम पर ही इतनी बड़ी स्टार कास्ट को एक साथ लाने में कामयाब हुए हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाश्वेता देवी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल :** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पद्म विभूषण से सम्मानित महाश्वेता देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि अपनी जीवंत कहानियों, कविताओं एवं उपन्याओं के माध्यम से साहित्य प्रेमियों के हृदय में अमिट स्थान बना लेने वाली, साहित्य अकादमी पुरस्कार व पद्म विभूषण से सम्मानित श्रद्धेय महाश्वेता देवी जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अग्निगर्भ, मातृछवि, नटी, जंगल के दावेदार, मीलू के लिए, मास्टर साहब जैसी आपकी अमूल्य कृतियां सदैव साहित्य जगत को आलोकित करती रहेंगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल :** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सभी से पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। सनातन संस्कृति के मूल में सदा से प्रकृति के संरक्षण व उसके प्रति आदर की परंपरा रही है। आइये, इस अवसर पर संकल्प लें कि प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे।

### मप्रः सीहोर में मड रेस आज, 70 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**भोपालः** प्रदेश के सीहोर जिला मुख्यालय पर आज (रविवार को) जोश और जुनून का खेल मैड रेस का आयोजन होने जा रहा है। इस मड रेस में 70 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें 40 से अधिक प्रतिभागी भोपाल के है। वहीं इस आयोजन में करीब 7 हजार से अधिक लोग भोपाल से देखने के लिए जाएंगे। यह आयोजन विधायक ट्रॉफी के नाम से किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय शामिल होंगे। इस रेस के लिए 5.8 किमी का ट्रैक बनाया है, यह ट्रैक काफी चैलेंजिंग होगा। इसमें ऑफ रोड के अलावा थोड़ी हिल एरिया यानी थोड़ा पथरीला भी है और कई सारे मुश्किल कर्व भी हैं। इसमें दो क्लास रहेंगी, जिसमें एक पेट्रोल और दूसरी डीजल क्लास रहेगी। इसके अलावा इस पूरे ईवेंट में शामिल टीम ऑफरोड भोपाल व रिफ्रेशिंग भोपाल ईवेंट में सोशल मीडिया पार्टन के रूप में काम करेगी। टीम से अरहम अली ने बताया कि हम ईवेंट में वीडियोग्राफी फोटोग्राफी के अलावा सोशल मीडिया को हैंडल करेंगे, ताकि जो लोग शामिल नहीं हो पा रहे हैं वह सोशल मीडिया द्वारा ईवेंट को देख सकें। उल्लेखनीय है कि राजधानी समेत कई शहरों में मड चैलेंज रेस का आयोजन होता है। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागी पहाड़ी रास्तों पर कीचड़, पानी से सनी खराब मार्ग पर फोर-व्हील और बाइक से स्टंट के साथ अपनी रफ्तार को काबू करते हैं। मड चैलेंज रेस को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग भी पहुंचते हैं।

### बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे पीएम मोदी के भाई पंकज, भस्म आरती में हुए शामिल

**उज्जैनः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छोटे भाई पंकज मोदी रविवार तड़के उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल के दर्शन किए। वे भगवान महाकाल की दिव्य भस्म आरती में शामिल हुए और पूजन-अभिषेक भी किया। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु ने बताया कि पंकज मोदी रविवार तड़के भगवान महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए थे। यहां उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण मास चल रहा है इसीलिए वे बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचे थे। महाकाल की भस्म आरती देखी। उन्होंने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना कही। पूजन अर्चन के बाद मंदिर से रवाना हो गए।

### श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर बस पलटी, 16 श्रद्धालु हुए घायल

**हाथरसः** राजस्थान से डबल डेकर बस में सवार होकर गंगा स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं की बस हसयान थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में 16 श्रद्धालु घायल हुए हैं । पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया है। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिला के गंगापुर से एक डबल डेकर बस श्रद्धालुओं को लेकर सोरों जी कछला घाट जा रही थी। जैसे ही यह बस हाथरस जिले के थाना हसायन क्षेत्र के रति का नगला स्थित औधोगिक एरिया के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क किनारें पलट गई। बस के पलटते ही श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने रेस्क्यू करते हुए बस में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर सिकंदराराऊ के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। यहां से डॉक्टरों ने कई घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि हादसे में बस हादसे में 16 लोग घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोरारी बापू संयुक्त राष्ट्र में करेंगे रामकथा, कहा-

### यह एक दैवीय कृपा है



**नई दिल्ली :** खबर है कि आध्यात्मिक नेता मोरारी बापू रामचरितमानस की प्रासंगिकता का प्रसार करने के लिए न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पहली बार रामकथा करेंगे. पिछले 65 वर्षों से अधिक समय से रामकथा का पाठ कर रहे मोरारी बापू ने कहा कि रामचरितमानस धार्मिक एवं सांस्कृतिक सीमाओं से परे एक वैश्विक संदेश देता है. उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, यह सत्य, प्रेम और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों की बात करता है जिनकी आज की दुनिया में जरूरत है. नौ दिवसीय पाठ की शुरूआत की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र में रामकथा का आयोजन एक दैवीय कृपा है और यह वैश्विक सद्भाव की दिशा में एक कदम है. यह पहली बार है जब न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में रामकथा का आयोजन होगा. मोरारी बापू (77) ने इस आयोजन को सपना सच होने जैसा बताया. वह अब तक श्रीलंका, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, ब्रिटेन, अमेरिका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल और जापान सहित दुनिया भर के कई शहरों तथा तीर्थ स्थलों पर रामकथा कर चुके हैं।

उन्होंने कहा, हम सभी को दुनिया में शांति, प्रेम और सच्चाई के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है, खासकर इस प्रिय धरती पर, जिसे हम वसुधैव कुटुंबकम कहते हैं. यहां रामकथा के माध्यम से हम परम शांति और कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे।

# कोल्हापुर जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 34 लोग बचाए गए, सात हजार लोग स्थानांतरित

एजेंसी



**मुंबई :** कोल्हापुर जिले के कई शहरों में बाढ़ का पानी घुस जाने से यहां की स्थिति खराब होती जा रही है। पंचगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान 43 फीट से बढ़ कर 47.8 फीट तक पहुंच कर स्थिर हो गया है। 40 से अधिक सड़कें बंद कर दी गई हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है। बाढ़ प्रभावित स्थलों पर फंसे 34 लोगों को बचाव दल ने सुरक्षित निकाल लिया है। जबकि 7,000 लोग स्थानांतरित किए गए हैं। एनडीआरएफ की दो टीमें और फायर ब्रिगेड के जवान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोगों के बीच बचाव अभियान चला रहे हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार को सुबह से बारिश नहीं हो रही है लेकिन राधानगरी और बांधों से पानी का विसर्ग पंचगंगा नदी में किया जा रहा है, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका है। हालांकि रविवार को सुबह राधानगरी बांध के दो स्वचालित गेट बंद कर दिये गए फिलहाल बांध के सिर्फ दो गेट से पानी का विसर्ग जारी रखा गया है। पंचगंगा का जलस्तर जो शुक्रवार को 46.4 फीट था, वह शनिवार की रात 9 बजे 47.8 फीट पर पहुंच गया, जो स्थिर बना हुआ है। पंचगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से आइडियल कॉलोनी, गायकवाडवाड़ा, पंचगंगा तालीम, सुतारवाड़ा, सीता कॉलोनी, सीपीआर चौक, लक्षतीर्थ कॉलोनी में विश्वकर्मा अपार्टमेंट के पीछे खानविलकर, विंस हॉस्पिटल, पोलो ग्राउंड रामनमाला पैलेस ऑर्किड अपार्टमेंट, माली माला, उल्पे माला, मुक्ता सैनिक कॉलोनी, सफायर पार्क आदि इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इससे कोल्हापुर वासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले 24 घंटे में बारिश और बाढ़ की वजह से जिले में 48 पक्के मकान और 402 कच्चे मकान ढह गये हैं। इसके अलावा 50 पशु शेड भी ढह गये हैं। सार्वजनिक संपत्तियों को 1 लाख 97 हजार रुपये का नुकसान हुआ, जबकि 503 निजी संपत्तियों को 2 करोड़ 2 लाख 85 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### पानी से घिरी अनंतपुरा बस्ती से 50 लोगों को रेस्क्यू किया

जयपुर : प्रदेश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। हाड़ौती अंचल में बीते दो दिन से हो रही भारी बारिश से आम जनजीवन प्रभावित है। भारी बारिश का दौर जारी रहने से हाड़ौती अंचल के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन हो गए हैं। इलाके की कई नदियां उफान पर है। पार्वती व चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने से कोटा-श्योपुर मार्ग बंद हो गया है। राजस्थान और मध्य प्रदेश को जोड़ने वाली पार्वती नदी की पुलिया पर पानी की अत्यधिक आवक से राजस्थान और मध्य प्रदेश का आपसी संपर्क कट गया है। कोटा और आस-पास के इलाकों में शनिवार को हुई बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। पठारी क्षेत्र से पानी की आवक ज्यादा होने के चलते कोटा की अनंतपुरा बस्ती में पानी भर गया। अनंतपुर के तालाब गांव बस्ती रात नौ बजे तक पानी में घिर चुकी थी। हालांकि शाम पांच बजे यहां पानी भरना शुरू हो गया था, लेकिन लोग घरों से नहीं निकले। बाद में नगर निगम की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। देर रात 11.30 तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान करीब 50 लोगों को घरों से बाहर निकाला गया। कोटा के अनंतपुरा इलाके में तालाब की जमीन पर पूरी बस्ती बसी हुई है। यहां करीब एक हजार लोग निवास करते है। पठारी क्षेत्र से ज्यादा पानी आने और ज्यादा बारिश के बाद यहां पानी भर जाता है। शनिवार को भी कोटा ओर आस-पास के इलाकों में बारिश हुई। इसके चलते यहां दोपहर बाद पानी भरना चालू हो गया। शाम पांच बजे तक बस्ती के कुछ इलाकों में पानी बहुत ज्यादा हो गया था, लेकिन लोग घरों से नहीं निकले। रात तक पानी आठ फीट तक भर गया। जब पानी बढ़ा तो भी लोग घरों को नहीं छोड़ रहे थे। बस्ती में भी ज्यादा निचली जगह पर बने सिंगल स्टोरी मकान में जब पानी भरा तो कुछ लोग बाहर निकलने को राजी हुए।

## बीएसएफ ने बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम, बीजीबी से जताया विरोध

एजेंसी

**कोलकाताः** भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। अधिकारियों ने रविवार सुबह बताया कि यह घटना शनिवार तड़के करीब 2.40 बजे रंगहट सीमा चौकी के अंतर्गत हुई। उसके बाद बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ आधिकारिक बैठक कर इस संबंध में विरोध भी जताया गया है।

बीएसएफ, दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईडी) और प्रवक्ता ए.के. आर्य ने बताया कि 68वीं बटालियन के एक जवान ने कोडालिया नदी के पार गतिविधि देखी, जो दोनों देशों के बीच एक प्राकृतिक सीमा बनाती है। लगभग 10 बांग्लादेशी एक केले के बागान से होकर भारत में प्रवेश कर रहे थे। जब जवान ने उन्हें ललकारा और पीछे हटने का आदेश दिया, तो वे तेज धार वाले हथियारों से उस पर हमला करने के लिए आगे बढ़े। जवान ने पहले एक स्टन ग्रेनेड फेंका, लेकिन इससे समूह को रोका नहीं जा सका। इसके बाद उसने उन पर दो राउंड गोलियां चलाईं। अंधेरे और घने पौधों का फायदा उठाते हुए घुसपैठिए फिर बांग्लादेश की ओर भाग गए।उन्होंने आगे कहा कि रंगाहाट और मामाभागिना (नादिया) में ड्रग्स की तस्करी की कोशिशों को भी सैनिकों ने नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों के कई चौकियों पर बांग्लादेशी अपराधियों ने भी बीएसएफ जवानों को निशाना बनाया। कुछ स्थानों पर, जवानों को स्टन ग्रेनेड और पंप एक्शन गन का उपयोग करना पड़ा।

डीआईजी ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश के बाद, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ एक बैठक बुलाई गई और एक कड़ा विरोध दर्ज किया गया। दुर्भाग्यवश, कई बैठकों के बावजूद, बीजीबी अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती है। यह निष्क्रियता उन्हें बॉर्डर के साथ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रोत्साहित करती है। हालांकि, हमारे जवान सतर्क हैं और राष्ट्र के हितों की रक्षा करते रहेंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग से स्वीकृति मिलते ही मसाला कंपनियों के खिलाफ दाखिल होगा वाद

एजेंसी

**कानपुर :** शहर में संचालित हो रही मसालों की कंपनियों के नमूने फेल होने के बाद मालिकों को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया गया है। इस मामले में तैयार की गई रिपोर्ट बनाकर अभियोजन की स्वीकृति के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग उत्तर प्रदेश मुख्यालय लखनऊ भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही ऐसी कंपनियों के खिलाफ वाद दाखिल करके जुमार्ना तय किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को एडीएम सिटी राजेश कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 मई माह में एफएसडीए के अधिकारियों ने शहर में संचालित हो रही मसालों की कंपनियों पर छापा मारा था। छापे के दौरान 16 कंपनियों के अलग-अलग मसालों के 35 उत्पादों के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए थे। जिनमें से 23 की रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक इन मसालों में कीड़ों के साथ ही साथ पेस्टीसाइड और कीटनाशक की मात्रा भी पाई गई है। खतरनाक कीटनाशक और माइक्रो बैक्टीरिया भी पाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर बिक्री किए जाने वाली 14 कंपनियों के उत्पादों के हल्दी पाउडर में भी पेस्टिसाइड्स पाया गया है।



### जांच में दो नामी कंपनी के मसाले फेल

दो नामी कंपनियों के उत्पादों में कमियां पाई गई हैं जिनमे गरम मसाला, मटर पनीर मसाला, धनिया पाउडर में पाई गई कमी इतनी है कि ये सेवन लायक नहीं हैं। इसके अतिरिक्त एक नामी ब्रांड के मसाले के उत्पादों में कमियां सामने आई हैं जिनमे मीट मसाला, सब्जी मसाला, बिरयानी मसाला जांच में दूषित पाए गए हैं। इस तरह अलग-अलग कंपनियों के 23 नमूनों में कीड़े, दूषित पदार्थ मिले हैं। शासन के निर्देश के बाद विभाग ने अलग अलग मसाले के उत्पादों के नमूने मई माह में लिए गए थे और अभियान में विभाग ने 13 मसाला फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान अलग अलग कंपनियों के 35 मसालों के नमूने लिए जांच के लिए गये और जांच के लैब भेजा गया था। नमूनों की जांच रिपोर्ट के अनुसार मसालों में कार्बेंडाजिम का प्रयोग हुआ है।

### रिल बनाने के दौरान नहर मे डूबने से युवक की हुई मौत

**गोपालगंज :** सिधवलिया थाना क्षेत्र के भीखमपुर नहर पुल पर रिल बनाने गये युवक की डूबने से मौत हो गईं। मृतक खजुरिया बिन टोली गांव का छठु बिन का 18 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार है। बताया जा रहा है कि शनिवार को गुड्डू अपने साथियों के साथ भीखमपुर नहर पुल पर रिल बनाने के लिये गया था। उसने नहर पुल से पानी मे छलांग लगाया उसके बाद पानी से बाहर नहीं निकला। उसके साथियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी । परिजन व स्थानीय गौताखोर काफी खोजबीन किये लेकिन वह नहीं मिला। इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही थानाध्यक्ष ने तुरंत घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम को साथ लेकर पहुंचे। एनडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को खोजने के बाद बाहर निकाली हलांकि तबतक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों मे कोहराम मच गया तथा गांव में मातम छा गया।

इजराइली इलाके में किए गए मिसाइल हमला

## 11 नौजवानों की मौत

एजेंसी

**तेल अवीव :** इजराइल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स पर किए गए मिसाइल हमले में 11 युवाओं की मौत हो गई। हमला एक फुटबॉल मैदान पर किया गया, जहां ये नौजवान फुटबॉल खेलते समय इसकी चपेट में आ गए। यह हमला हिज्बुल्लाह की तरफ से किये जाने का आरोप है। इस खबर के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी अमेरिका यात्रा अधूरी छोड़ कर वापस लौट रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि हमलावर को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। गोलान हाइट्स पर शनिवार शाम एक फुटबॉल मैदान पर हुए मिसाइल हमले में 11 युवाओं की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। इजराइल का दावा है कि हमले के पीछे हिज्बुल्लाह का हाथ है। हिज्बुल्लाह ने हमले की जिम्मेदारी से इनकार किया है। खास बात यह है कि यह हमला दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हवाई हमले में हिज्बुल्लाह समूह के तीन सदस्यों के मारे जाने के कुछ घंटों के बाद हुआ है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं लेकिन गोलन हाइट्स पर हुए हमले के बाद दौरा बीच में छोड़ कर वापस लौट रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि 'इजराइल इस हमले पर चुप नहीं बैठेगा। हिज्बुल्लाह को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी और वह कीमत ऐसी होगी, जो हिज्बुल्लाह ने कभी नहीं चुकाई होगी।'

इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि 'यह हमला हिज्बुल्लाह का असली चेहरा दिखाता है, जो आतंकी संगठन है। उसने शनिवार शाम को फुटबॉल खेल रहे बच्चों को निशाना बनाया और उनकी हत्या की।'

हमले के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह में सीधी जंग छिड़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले साल अक्टूबर में इसराइल-गजा युद्ध छिड़ने के बाद इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच लगातार गोलीबारी हो रही है।

### डंपर के धक्के से व्यक्ति की मौत

**जलपाईगुड़ी :** जिले में बानरहाट थाना अंतर्गत तेलीपाड़ा-अंगरावसा ग्रामीण सड़क पर शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे एक डंपर की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम सुभाष रॉय (42) था। वह तेलीपाड़ा इलाके का निवासी था। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चूंकि तेलीपाड़ा से अंगरावासा तक इस ग्रामीण सड़क के किनारे कई पत्थर तोड़ने वाली मिलें हैं, इसलिए वहां माल पहुंचाने के लिए डंपर दिन-रात तेज गति से चलते हैं। मामले की जानकारी पुलिस को बार-बार देने के बाद भी पुलिस ने कभी डंपरों की गति को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं की और आज एक व्यक्ति की जान चली ही गई। हादसे की खबर पाकर जब बिन्नागुड़ी चौकी की पुलिस शव उठाने पहुंची तो स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध प्रदर्शन करीब एक घंटे तक किया गया। पुलिस की काफी समझाने पर जाने के बाद लोगों ने शव को पुलिस के हवाले किया।

## एसएसबी 19वीं वाहिनी ने किया पौधरोपण



एजेंसी

**किशनगंजः** 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज ने बेलवा में पौधरोपण,कार्यकम का आयोजन शनिवार को किया। सर्वप्रथम एम ब्रोजन सिंह, कार्यवाहक कमान्डेंट, 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज के द्वारा मुख्य अतिथि सुधीर कुमार, महानिरीक्षक, सीमांत मुख्यालय, सिलीगुड़ी, ए.के.सी. सिंह, अशोक कुमार ठाकुर, शिव दयाल, बलवन सिंह, रोटरी क्लब, मिड टाऊन, सिलीगुड़ी के प्रेसिडेंट राकेश अग्रवाल एवं सिलिगुड़ी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सुनील कुमार ठाकुर, सहित अन्य शिक्षकगण के साथ मेधावी छात्र छात्राएं, सभी सम्मानित ग्रामीण एंव पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में वाहिनी की चयनित भूमि बेलवा में सुधीर कुमार, महानिरीक्षक, सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, सिलीगुड़ी की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल, दो सौ स्कूली बच्चों एवं रोटरी क्लब, मिड टाऊन सिलीगुड़ी के सदस्य, प्राथमिक विद्यालय, बरवान्ना के 100 बच्चों एवं 50 स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पौधरोपण,कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान महानिरीक्षक ने बताया कि वृक्ष हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। सभी को पेडों की महत्ता के बारे में जानकारी देना चाहिए। सभी लोग इस अभियान में शामिल होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करें।

### पप्पू यादव को तीन मामलों में मिली जमानत

**पूर्णिया :** राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शनिवार को तीन मामलों में व्यवहार न्यायालय पूर्णिया में आत्मसमर्पण किया। तीनों ही मामले पूर्णिया व्यवहार न्यायालय स्थित एस०डी०जे०एम० के कोर्ट में 10 हजार रुपए के निजी मुचलके पर सांसद को जमानत दी गई। तीनों ही मामले आचार संहिता के उल्लंघन के हैं। पहला मामला कसबा थाना कांड संख्या 72/2024 दिनांक 17 मार्च 2024 का है, जिसमें आरोप है कि एम०एल० आर्य कॉलेज कसबा के पास सुजीत कुमार उर्फ पप्पू चौरसिया, थाना कसबा, जिला पूर्णिया के मकान के एक बड़े भूभाग में बिना अनुमति का बैनर लगाकर जनसभा किया जा रहा था। जनसभा में लगभग 400 से 500 लोग उपस्थित थे। दूसरा मामला के० हाट० थाना कांड संख्या 256/2024 दिनांक 11 अप्रैल 2024 का है, जिसमें आरोप है कि एक गाड़ी पर पप्पू यादव का बैनर और बड़ा सा साउंड सिस्टम लगा हुआ था, कागजात मांगने पर नहीं दिखाया गया जिस कारण आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया। एक अन्य मामला वर्ष 2015 का था, धमदाहा थाना कांड संख्या 289/2015 दिनांक 14 अक्टूबर 2015, जिसमें आरोप है की, आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, बिना अनुमति के धमदाहा क्रीड़ा मैदान में हेलीकॉप्टर उतारा गया था।



## त्रिशुली बस दुर्घटना : 17 दिनों के बाद भी दोनों बस और 38 यात्रियों का नहीं मिला कोई सुराग

एजेंसी

**काठमांडूः** नेपाल में दो बसों के नदी में गिरने के 17 दिन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पिछले एक हफ्ते से उस बस में सवार किसी भी यात्री का शव भी बरामद नहीं हो पाया है। इसी बीच बस को ढूंढने के लिए प्रयोग में लाई जा रही 20 किलोग्राम की चुंबक भी नदी में ही खो गयी। इन सबको देखते हुए प्रशासन ने रविवार से खोजी काम को बंद करने का फैसला किया है। साथ ही रेस्क्यू के लिए भारत से बुलाई गई एनडीआरएफ की टीम भी आज वापस लौट गई ।



उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई की सुबह काठमांडू से गौं जा रही यात्री बस और बीरगंज से काठमांडू के तरफ आ रहे एक दूसरे यात्री बस के एक ही स्थान पर भूस्खलन की चपेट में आने के कारण चितवन जिले के सिमलताल के पास त्रिशुली नदी में गिर गईं । दोनों बसों में कुल 65 यात्री सवार थे। नदी में गिरने से पहले बस के केबिन में बैठे तीन यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचा ली। बाकी 62 यात्री और दोनों बस नदी की तेज बहाव में गिर गया।

दुर्घटना होने के 17 दिन के बाद भी दोनों में से एक भी बस का कोई सुराग नहीं मिल पाया। बस को ढूंढने के लिए भारत सरकार से अनुरोध कर एनडीआरएफ की रेस्क्यू एवं टेक्नीकल टीम भी मंगवाई गई। पिछले एक हफ्ते से लगातार नेपाल और भारत की टीमों के सघन खोजी के बाद भी बसों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल के डीआईजी पुरूषोत्तम थापा ने बताया कि नदी में लापता बसों को ढूंढने के लिए सभी अत्याधुनिक उपायों का प्रयोग किया गया लेकिन अब तक बस का कोई हिस्सा भी बरामद नहीं हो पाया।

डीआइजी थापा के मुताबिक बस को ढूंढने के लिए वाटर ड्रोन, सोनार कैमरा, लेसर लाईट, भारी वजन के चुम्बक और गोताखोर का प्रयोग किया गया, लेकिन दुर्घटना के 17 दिन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। डीआईजी थापा ने यह भी बताया कि सिर्फ दुर्घटनास्थल के आसपास ही नहीं बल्कि करीब 150 किमी दूर भारतीय सीमा तक खोजी अभियान चलाया गया था। इसी बीच बस को ढूंढने के लिए जिस 20 किलो वजन के चुम्बक का प्रयोग किया जा रहा था, शनिवार को वो भी नदी में ही खो गया। इसी बीच पिछले एक सप्ताह से एक भी शव बरामद नहीं हो पाया है। पिछले हफ्ते तक 65 में से 24 शव ही बरामद किए गए थे। लेकिन एक हफ्ते से एक भी शव के ना मिलने से आज से रेस्क्यू के काम को रोकने का फैसला किया गया है।

# किड्स जॉन स्कूल में बच्चों के बीच किया गया पुरस्कार वितरण




**ज्योति पाठक**

**चाईबासा:** अतिथियों ने किड्स जॉन के निदेशक और संचालक असद अनीस को दी शुभकामनाएं। शिक्षा के क्षेत्र में 14 वर्ष के कार्यकाल में किड्स जॉन विद्यालय ने अपने आप को काफी बेहतर बनाया है । इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ। उक्त बातें आज किड्स जॉन इंग्लिस मिडियम में आयोजित बच्चों के बेहतर परिणामफल और अनुशासन के लिए पुरूस्कृत करने के दौरान मुख्य अतिथि चक्रधरपुर नगर परिषद् के निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णदेव साह ने कही। श्री साह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर दूरदराज रहने वाले बच्चों की सुधि लेते हुए तथा एसटी, एससी, ओबीसी बच्चों को जीवन संवारने का दायित्व किड्स जॉन ने उठाया है। यह निश्चित तोर पर प्रेरणादायक और उपलब्धि भरी बात है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया ने कहा कि किड्स जॉन इंग्लिस मिडियम स्कूल विद्यालय के निदेशक सह संचालक द्वारा बेहतर पठन-पाठन एवं अनुशासन के साथ बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। इसलिए बच्चे के अभिभावक का भी दायित्व है कि वे अपने बच्चों को विशेष ध्यान दें और पढ़ाई के प्रति बच्चों का ध्यान भी केन्द्रित रखें। केवल विद्यालय के पढ़ाई से ही बच्चों की शिक्षा पर्याप्त नहीं होती। हमारी जवाबदेही का निर्वहन भी हमें करना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी और शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य करने वाली विशाखा भगेरिया ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किड्स जॉन शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है। बच्चों के बेहतर भविष्य संवारने के लिए शिक्षा और अनुशासन निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है। बच्चों के बीच सकारात्मक विचार डालकर उनके भविष्य को हमें संवारना चाहिए। बच्चे कल के भविष्य है इनका जीवन संवारना हमारा दायित्व है। वहीं विद्यालय के निदेशक असद अनीस ने भी कहा कि उनका विद्यालय भले ही छोटा है किन्तु उनका उद्देश्य बड़ा है। बच्चों के लिए किड्स जॉन एक बेहतर और सशक्त माध्यम है। इस विद्यालय के शिक्षक बच्चों के जीवन को संवारने के लिए निरंतर जुटे हुए हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। भविष्य में भी यह विद्यालय अपने लक्ष्य और उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए कटिबद्ध हैं। इस अवसर पर अपर्णा चैधरी, कुसुमंजली प्रधान, अमरीन नाज, रीता भकत, किरण देवी, भरत प्रधान व अन्य उपस्थित रहे।

# नये डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिले डीआईजी नौशाद आलम, दी बधाई

## विभागीय अधीन कार्यों की दी विस्तृत जानकारी




**निधि पाठक**

**राज्य** के नये डीजीपी अनुराग गुप्ता के पदभार ग्रहण करने पर पुलिस मुख्यालय में कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम डीजीपी से मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभाग अधीन कार्यों की भी संपूर्ण रूप से डीआईजी ने डीजीपी को विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा विभाग अधीन कार्यों से भी उन्हें परिचित कराया। गौरतलब हो कि नये डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह से पदभार ग्रहण किया । डीजीपी से डीआईजी कार्मिक ने मुलाकात कर अपनी शुभकामना दी और विभाग अधीन कार्यों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। गौरतलब हो कि कार्मिक सह बजट डीआईजी नौशाद आलम अपने पदस्थापना काल के महज सात माह मे ही अपने बेहतर कार्य से विभाग को सशक्त पहचान दी है और बेहतर कार्य से विभाग को बेहतर भी बनाया है।



## बिहार के वरीय आईपीएस अधिकारी व वीजलेंस डीजीपी आलोक राज के गले में है मां सरस्वती का वास

**विनय मिश्रा**

**भारतीय** पुलिस सेवा 1989 बैच के लोकप्रिय एवं अपने कार्यों से उत्कृष्ट आईपीएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाने वाले वीजलेंस डीजीपी आलोक राज जब अपने गीतों को उपस्थित लोगों के समक्ष प्रस्तुत करते हैं तब सहसा यह विश्वास नहीं होता कि सामने बैठे व्यक्ति के द्वारा जो गीत गाया जा रहा है वो पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद पर पदास्थापित हैं और उनपर मां सरस्वती की पूर्ण रूपेण कृपा है भक्ति गीत हो या फिर मुकेश, हेमंत कुमार या अन्य गायको के गीत वहीं गजल सम्राट पंकज उधास के गजल आप जिनके करीब होते हैं वो बड़े खुशनसीब होते हैं गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और अपने गायन से यह भी चरितार्थ किया कि गीत हो या गजल अपने उत्कृष्ट गायन से लोगों के बीच अपनी अद्भुत कला से उपस्थित लोगों को दांतों तले उंगली दबाने को विवश कर देते हैं। हमें ऐसे आईपीएस पर गर्व है।



## हाजी मुनसफ खान के मिट्टी में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत

**चान्हो:** प्रखंड अंतर्गत ग्राम तरंगा निवासी दबंग हिंद पत्रकार तबरेज खान के पिताजी हाजी मुनसफ खान के मिट्टी एवं जनाजे में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया। श्री भगत ने कहा की हाजी मुनसफ खान एक नेक दिल इंसान और हम सभी के अभिभावक थे। मौके पर तबरेज खान, जावेद खान, साजिद खान, फिरदौस खान, तौफीक अंसारी, शहनवाज हुसैन, आरिफ खान, यूसुफ रजा, मुजाहिद आलम, सोयेब खान, इकरार आलम सही सैकडों लोग उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को प्रोत्साहित करना मेरी प्रथमिकताः डॉ. परमेश्वर भगत



**मांडर:** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने मांडर प्रखंड के ग्राम रेगे में दो टीमों के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल एवं जर्सी का वितरण किया। डॉ. परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों को कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवासी होता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल कूद जरूरी है। आगे इन्होंने कहा की खेल प्रेमियों को आगे बढ़ाने के लिए उचित व्यवस्था करना और उन्हें प्रोत्साहन करना मेरी प्रथमिकता है। मौके पर बबलू उरांव, अनिल उरांव, अजय उरांव, सोहैल अंसारी, फिरोज अंसारी, उस्मान अंसारी, रंजित उरांव, रोहित उरांव, रमेश उरांव, आकाश उरांव, सजाद अंसारी, हसीब अंसारी, हसन अंसारी, इमरान अंसारी, साहिल अंसारी, हासिम अंसारी, प्रकाश उरांव, अमर उरांव, महावीर उरांव, राम उरांव एवं सुधांशु उरांव मौजूद रहे।

## मांडर नदी पर बना डायवर्सन बहने से परेशानी



**मांडर:** प्रखंड के पचपदा नदी का जलस्तर बढ़ने से डायवर्सन टूट गया है। इससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के दौरान डायवर्शन बह गया। इस ओर से होकर आवाजाही करने वाले ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साइकिल, ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल यात्री पानी के बहाव में ही जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। नदी पार करते कुछ राहगीरों ने बताया कि डायवर्सन बह जाने के कारण इस छोर से उस पार जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सरकार अविलंब यहां पुल का निर्माण कराए ताकि ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सके।

## जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में योग्य शिक्षकों के स्थानांतरण पर किया गया विचार




**सिमडेगा:** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षक स्थापना समिति के बैठक में अंतर जिला शिक्षक स्थानांतरण हेतु टीचर ट्रांसफर पोर्टल पर 26 शिक्षकों का डॉक्यूमेंट अपलोड ना होने पर वापस ,शेष संबंधित आवेदनों पर विचार करते हुए ,विभागीय निर्देश के आलोक में संबंधित योग्य शिक्षकों के स्थानांतरण करने पर विचार किया गया तथा जिला स्तर पर भी शिक्षकों का स्थानान्तरण से संबंधित मामलों में आवश्यक निर्णय लिया गया। वहीं जिले में जिस विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं है उस विद्यालय में शिक्षकों पदस्थापित रिक्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आरोप से संबंधित शिक्षक जिसे जांच प्रक्रिया पूर्ण करने के मामले में जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## महाबुआंग थाना प्रांगण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बानो के सहयोग से किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सिमडगा:** जिलान्तर्गत कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत , पुलिस-पब्लिक के आपसी संबंध को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से, महाबुआंग थाना प्रांगण में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बानो, के सहयोग से एक दिवसीय, चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जो काफी सफल साबित हुआ। शिविर में काफी संख्या में लगभग 300-400 ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । शिविर में 130 लोगों का सामान्य चिकित्सीय जांच , 60 लोगों के आंखों का जांच कराया गया और 16 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। भविष्य में भी कम्यूनिटि पुलिसिंग के तहत सिमडेगा पुलिस के द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहेगा। सिमडेगा जिला वासीयों से सिमडेगा पुलिस, आपके अमूल्य सहयोग की अपील करता है।

## पुलिस प्रशासन के कोर्ट नोडल पदाधिकारियों की बैठक सह कार्यशाला



**सिमडेगा:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शनिवार को सिमडेगा जिला के सभी थाना में प्रतिनियुक्त कोर्ट नोडल पदाधिकारियों का बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सभी नोडल अधिकारी को कोर्ट से संबंधित थाना के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा निर्देशित किया गया कि, वे नियमित रूप से कोर्ट विजिट करेंगे और कोर्ट से संबंधित थाना के कार्यों का निष्पादन सही एवं सुचारू रूप से करेंगे। बैठक में पुलिस निरीक्षक, सिमडेगा अंचल, सभी कोर्ट नोडल अधिकारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता श्रद्धानन्द के प्रयास से मिला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने जताया आभार



**सिमडेगा:** पूर्व भाजपा प्रत्याशी नेता श्रद्धानंद बेसरा के अथक प्रयास से कुरडेग प्रखंड के कुटमाक्छार बस्ती को काफी दिनों के उपरांत आज दो ट्रांसफार्मर में से एक 25 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया। कुटमाक्छार बस्ती से ट्रांसफार्मर लेने के लिए आएराम गुप्ता ,विक्की साय, सूरज गुप्ता, रोशन बड़ाईक मोहनबड़ाईक इत्यादि ग्रामीण उपभोक्ताओं ने श्री बेसरा को बताया कि विगत कई दिनों से 25 केवी का खराब ट्रांसफार्मर को ट्रांसफार्मर वर्कशॉप में जमा किया गया था। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी समय पर हमारे बस्ती को ट्रांसफार्मर नहीं उपलब्ध कराया गया। जिसके कारण हताश और निरास हो कर अंधेरे में जीवन बसर करने को मजबूर थे। आज काफी दिनों के उपरांत ट्रांसफार्मर उपलब्ध होने से सभी लोग बहुत खुश हुए, एवं बेसरा जी को उनके प्रयास के लिए आभार व्यक्त किए। श्री बेसरा ने कहा कि सरकार की लचर व्यवस्था के कारण विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर वर्कशॉप को व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा रही है , जिसके कारण कभी विद्युत तेल के लिए , कभी मिस्त्री नहीं रहने से, कभी चेम्बर का कोयल जलने जैसी समस्याएं लगातार वर्कशॉप में आते रहती है।

## खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी : नमन बिक्सल कोनगाडी

### खेल हमे अनुशासन सिखाता है: विधायक



**कोलेबिरा:** कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा स्कूल में बालक - बालिकाओं के फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक ने बॉल किक करके किया तथा टूर्नामेंट में भाग ले रहे सभी बालक - बालिकाओं के लचरागढ, बरवाडीह, गांगुटोली तुरबुंगा अघरमा, कोनबीर ,रायकेरा रामपुर ,केमताटोली 18 टीमों को फुटबॉल देकर प्रोत्साहित किया। विधायक ने कहा खेल के माध्यम से आप अपना विकाश कर सकते हैं खेल हमे अनुशासन, धर्य ,साहस, नेतृत्व करने सिखाती है खेल के माध्यम से आप नौकरी भी कर सकते हैं हमरी सरकार लगातार खेल को बढ़ावा देने के लिए काम किया है कर ही रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक के साथ जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकडा अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद प्रखंड सह विधायक प्रतिनिधि अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तजमुल अहमद, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाडी ,15 सूत्री उपाध्यक्ष सुनील खड़िया ,युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग ,सचिन गुड़िया ,फादर शिशिर केरकेट्टा ,सिस्टर शिमला सिस्टर अनुपा, शिक्षक राहुल केरकेट्टा ,शिक्षिका मंजुला केरकेट्टा उपस्थित थीं।

# मुख्य सचिव टीवीएनएल के एमडी के विरुद्ध कराएं जांच, नहीं तो जाएंगे कोर्ट : चंद्रप्रकाश

## गिरिडीह सांसद ने दी चेतावनी, कार्रवाई नहीं हुई तो याचिका में मुख्य सचिव को भी बनाएंगे पक्षकार

**मेट्रो रेस**

**गिरिडीह :** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने टीवीएनएल के प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा द्वारा पद का दुरुपयोग कर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता करने पर अब तक जांच कमेटी का गठन नहीं करने व न्याय संगत कानूनी कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं होना राज्य सरकार का भ्रष्टाचार के विषय पर जहां मौन सहमति को दशार्ता है। वहीं भ्रष्टाचार के पोषक इस पदाधिकारी के विरुद्ध 4 से 5 माह गुजर जाने पर भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होना कई प्रश्नों को भी जन्म देता है। सांसद के अनुसार उन्होंने इसको लेकर पूर्व में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल निगरानी विभाग व मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्य सचिव को पुनः लिखे अपने पत्र में राज्यहित में टीवीएनएल में हो रहे करोड़ों के घोटाले की जांच सचिव स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति बनाकर करने व 10 दिनों के भीतर इसका जवाब देने और ऐसा नहीं करने पर झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उन्हें पक्षकार बनाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रभारी प्रबंध निदेशक अनिल कुमार शर्मा के पदस्थापन के 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी टीवीएनएल में प्रबंध निदेशक की नियुक्ति नहीं करके उन्हें ही महाप्रबंधक के प्रभार में रखा गया है, जो प्रशासनिक हितों का अवैध संगम है। जिसमें निगम की प्रशासनिक व वित्तीय शक्ति निहित है। उदाहरण स्वरूप उनके द्वारा प्लांट का संचालन, कार्यदेश व भुगतान आदि किया जा रहा है। सब एक ही व्यक्ति पर केंद्रित हो गया है। यह केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशों का भी उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अनुभवहीन व कनीय अभियंता को प्रबंध निदेशक का प्रभार देने की वजह से टीवीएनएल के विस्तारीकरण पर वित्तीय बोझ जहां बढ़ रहा है। वहीं अब तक करीब 200 करोड़ का वित्तीय नुकसान हो गया है। प्रभारी प्रबंध निदेशक ने अपना वेतनमान ऊर्जा विभाग के नियम के विरुद्ध बोर्ड को गुमराह करके उच्च वेतनमान का निकासी कर लिया है और यह मामला झारखंड महालेखाकार परीक्षा के पास विचाराधीन है। अपनी निजी फायदा के लिए उच्च वेतनमान बढ़ाकर अपनी प्रोन्नति अभियंता प्रमुख के लिए स्वयं संचिका तैयार कर लिया है ताकि भविष्य में अपना मालिकाना हक बनाए रख सके। यह प्रक्रिया प्रशासनिक शक्तियों के दुरुपयोग का ज्वलंत उदाहरण है। प्रबंध निदेशक का प्रभार लेने के एक माह में ही अपना सिंडिकेट बनाना शुरू किया। इसी क्रम में तेजेंद्र सिंह मल्होत्रा को बैंक हस्ताक्षरित बनाया। मल्होत्रा ने उगाही का भी काम शुरू कर दिया इसका जब साक्ष्य प्रमाण के साथ दिया गया तो प्रबंध निदेशक ने बचाव का हर संभव प्रयास किया है। आगे जाकर मल्होत्रा का भ्रष्टाचार कारनामा बढ़ने लगा व इसकी खुलेआम चर्चा होने लगी तो प्रबंध निदेशक अपने पसंद के कृष्ण कुमार सिंह के माध्यम से बैंक हस्ताक्षरित संबंधी कार्य कर लूट खसोट को अंजाम दे रहा है। मजेदार बात यह कृष्ण कुमार सिंह पूर्व में उपनिदेशक रहते हुए पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए नौकरी छोड़ दिया और लंबे समय तक किसी दूसरे संस्थान में नौकरी की। इस बीच प्रभारी प्रबंध निदेशक ने अपने सिंडिकेट को मजबूत करने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इसकी दोबारा नियुक्ति कर ली। यही नहीं प्रभारी प्रबंध निदेशक ने पूर्व में जांच में दोषी पाए जाने पर बर्खास्त करने व कठोर दंड देने की संचिका को नष्ट कर अभियंता अशोक प्रसाद को बहाल कर लिया व भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी है। साथ ही टीटीपीएस में भी अनियमितता का बोलबाला है। यहां तो कर्मियों को प्रोन्नति देने में सेवा काल, आरक्षण व योग्यता की अनदेखी की गई है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने पत्र में मुख्य सचिव का प्रभारी प्रबंध निदेशक द्वारा भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता करने संबंधी नौ बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक ध्यान आकृष्ट कराया है। उनसे सकारात्मक प्रशासनिक निर्णय की अपेक्षा जतायी है।

